दैनिक

नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-24 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 28 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना



## वक्फ विधेयक के 14 बदलावों को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी

### संसद सत्र में लाया जाएगा




नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में वक्फ संशोधन विधेयक के 14 बदलावों को मंजूरी दे दी गई है। अब इसे आगामी संसद सत्र में पेश किया जाएगा।

मंत्रिमंडल ने पिछले सप्ताह हुई बैठक में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर प्रस्तावित 23 में से 14 बदलावों को स्वीकार किया है।विधेयक को 10 मार्च से शुरू होने वाली संसद सत्र में दोबारा से पेश किया जाएगा।जेपीसी ने 13 फरवरी को बजट सत्र के दौरान संसद में वक्फ विधेयक को लेकर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिस पर विपक्षी सांसदों ने काफी हंगामा किया था।विपक्षी सांसदों का कहना था कि उन्होंने विधेयक में 44 संशोधन प्रस्तावित किए थे, जिनमें से सभी को खारिज कर दिया गया, जबकि भाजपा और उनके सहयोगी दलों के प्रस्तावित 23 संशोधनों को मंजूरी दे दी गई। संसद में मतदान के बाद 23 में 14 बदलावों को मंजूरी मिल गई।भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अगुवाई वाली JPC के समक्ष कुल 66 बदलावों प्रस्तावित थे, जिनमें 23 सत्तारूढ़ भाजपा और 44 विपक्षी सांसदों के थे। जेपीसी में एनडीए के कुल 16 सांसद हैं, जबकि विपक्ष के 10 हैं। इनके बीच बदलावों के मतदान में एनडीए के 16 सांसदों ने 23 बदलावों के पक्ष में मतदान किया, जबकि विपक्ष के 44 संशोधन पर बहुमत नहीं मिला। एनडीए के 23 बदलावों को संसद में पेश किया गया, जिसमें 14 को मंजूरी मिली। विधेयक में वक्फ बोर्डों के प्रशासन के तरीके में कई बदलाव का प्रस्ताव है, जिसमें गैर-मुस्लिम और कम से कम 2 महिलाओं को शामिल करने की बात है।

केंद्रीय वक्फ परिषद में (संशोधन पारित हुए तो) एक केंद्रीय मंत्री, 3 सांसद, 2 पूर्व न्यायाधीश, 4 मशहूर लोग, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल होंगे, जिनमें किसी का इस्लामी धर्म से होना आवश्यक नहीं।

नए मियम में वक्फ काउंसिल भूमि पर दावा नहीं कर सकती और दान की सीमा तय की गई है।

## मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने दंगवाड़ा में की बोरेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सपत्नीक चंबल नदी तट पर स्थित अति प्राचीन श्री बोरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि व मंगल की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन की ग्राम पंचायत दंगवाड़ा स्थित 4000 हजार वर्ष से अधिक प्राचीन बोरेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। पूजन एवं जलाभिषेक पंडित जगदीश शर्मा, नमन शर्मा ने विधि विधान से संपन्न कराया।




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चित्रकूट में भारत रत्न नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।

## तेलंगाना सुरंग हादसाः फंसे हुए 8 लोगों तक पहुंचने के लिए बचाव अभियान तेज किया गया



नागरकुरनूल (आरएनएस)। श्रीशैलम सुरंग नहर परियोजना हादसे के छठे दिन बचाव अभियान में जुटे कर्मियों को सफलता नहीं मिली है। इस अभियान में जुटे अधिकारियों ने यह भी साफ नहीं किया है कि सुरंग में फंसे लोगों को बाहर निकालने में और कितना वक्त लगेगा. हालांकि, उन्हें बचाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास जारी है.कहा जा रहा कि सुरंग में खराब पड़ी टीबीएम मशीन बचाव अभियान में बाधा बनी है. ये मशीन सुरंग में फंसे लोगों और बचावकर्मियों के बीच में है जिससे उनके आगे बढ़ने का रास्ता बंद है. अब इस मशीन को ही काटने का काम किया जा रहा है. इसे काट कर टुकड़ों में सुरंग से बाहर निकाला जाएगा. इसके बार रास्ता साफ होने पर बचाव दल आगे बढ़ेंगे. नागरकुरनूल के पुलिस अधीक्षक वैभव गायकवाड़ ने कहा कि सुरंग में कन्वेयर बेल्ट के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत दिन में कर दी जाएगी, ताकि मलबे का परिवहन आसान हो सके. जब अधिकारी से पूछा गया कि क्या गैस कटर ने काम करना शुरू कर दिया है, तो उन्होंने कहा कि यह पहले ही हो चुका है. गैस काटने वाली मशीनें अंदर भेज दी चली गई है. रात में भी उन्होंने कुछ काटने का काम किया.तेलंगाना के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बुधवार को कहा कि अंदर लगी टीबीएम को गैस कटर से टुकड़ों में काटकर निकाला जाएगा. इसके बाद सेना, नौसेना, रैट माइनर्स और एनडीआरएफ की टीमें अपनी सुरक्षा से समझौता किए बिना लापता आठ लोगों को बचाने के लिए एक और गंभीर प्रयास करेगी।

## हरियाणा में कांग्रेस की बड़ी कार्रवाई, पूर्व विधायक समेत पांच नेताओं को पार्टी से 6 साल के लिए किया निष्कासित

चंडीगढ़, (आरएनएस)। हरियाणा कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के कारण पूर्व विधायक रामबीर सिंह समेत पांच नेताओं को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इन नेताओं को पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के चलते छह साल के लिए निष्कासित करने का आदेश जारी किया है।कांग्रेस की ओर से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, नगर निगम चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुछ पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की शिकायतें मिली थीं। इन रिपोर्टों की समीक्षा के बाद, पार्टी ने यह फैसला लिया।

## कपड़ा मार्केट में लगी भीषण आग, पुलिस ने इलाका कराया खाली; अब तक 400 करोड़ रुपये का नुकसान

सूरत (आरएनएस)। गुजरात के सूरत के शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में लगी आग पर अब तक काबू नहीं पाया जा सका है। आग पर काबू पाने के लिए सूरत, नवसारी और बारडोली फायर ब्रिगेड टीम के अलावा हजीरा इंडस्ट्रियल से ओएनजीसी, कृभको, एएमएनएस, एनटीपीसी, रिलायंस और कलर टैक्स कंपनियों की फायर सेफ्टी टीम भी लगी हुई है। चीफ फायर ऑफिसर बसंत परीख ने बताया कि मार्केट की दुकानों में सिंथेटिक कपड़े होने के कारण आग तेजी से फैल रही है। इसके चलते फायर जवानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि लगातार 16 घंटे तक आग से बिल्डिंग गर्म हो गई है और धुआं भी भर रहा है।

शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में कुल 834 दुकानें हैं। मंगलवार को मार्केट की बेसमेंट में आग लगी थी, जिसे बुझा लिया गया था, लेकिन बुधवार को मार्केट खुलने से पहले अंदर से धुआं निकला, तो आग फैल गई। यह आग पहली मंजिल से शुरू होकर चौथी मंजिल तक पहुंच गई। आग में कई दुकानें जलकर खाक हो गईं।

## यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को जलाने का रास्ता साफ...



भोपाल/पीथमपुर (ए)। यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को जलाने का रास्ता साफ हो गया है। अब भोपाल का जहरीला कचरा पीथमपुर में ही जलेगा। इसकी खबर मिलते ही आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। कचरा जलाने का विरोध करने वालों का कहना है कि वे इस मामले में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। वहीं प्रशासन की तैयारी को देखते हुए अब लगता है की यूनियन कार्बाइड के कचरा जलाने का रास्ता साफ हो गया है। इलाके मे सुरक्षा व्यवस्था के माकूल एवं पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इंदौर कमिश्नर दीपक सिंह ने बताया कि यूनियन कार्बाइड के दस टन कचरे को जलाने के ट्रायल की कार्रवाई पूरी तरीके से वैज्ञानिक पद्धति से होगी। लिहाजा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता चिन्मय मिश्र ने इस पर रोक लगाने की मांग की थी, जिसे सर्वोच्च अदालत ने खारिज कर दिया। गुरुवार सुबह मामले को लेकर हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता चाहें तो इस संबंध में हाई कोर्ट के समक्ष आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। कोर्ट ने शासन के उस जवाब को भी रिकॉर्ड पर ले लिया है, जिसमें कहा है कि कचरा जलाने के दौरान सभी नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।कोर्ट के इस रुख के बाद पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के रासायनिक कचरे के निष्पादन का ट्रायल गुरूवार से शुरू हुआ। इस दौरान सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम रामकी एनवायरो कंपनी में मौजूद रही। फैक्ट्री में कचरा जलाने का दूसरा ट्रायल 4 मार्च और तीसरा 12 मार्च से शुरू होगा। इधर, कचरा जलाने के ट्रायल को लेकर प्रशासन सतर्क है।

## रिकार्डो वाला महाकुंभ, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

प्रयागराज(आरएनएस)। महाकुंभ कल संपन्न हुआ और आज भी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोग संगम स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। मेले में दुकानें भी लगी हैं। आज सुबह सीएम योगी, दोनों डिप्टी सीएम के साथ गुरुवार सुबह प्रयागराज पहुंचे। योगी ने पहले अरैल घाट पर झाड़ू लगाई। गंगा नदी से कचरा निकाला। फिर गंगा पूजन भी किया।

योगी ने सफाईकर्मियों के साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया। दोनों डिप्टी ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज में कहा कि रेलवे ने भक्ति भाव से सभी यात्रियों और श्रद्धालुओं की सेवा की। 4 से 5 करोड़ श्रद्धालुओं को भारतीय रेल से लाया और ले जाया गया। रेलवे ने 16,000 से ज्यादा ट्रेनें चलाई. ये किसी एक आयोजन में सबसे अधिक ट्रेन चलाने का नया कीर्तिमान है। वहीं महाकुंभ के दौरान बने गिनीज बुक आफ रिकार्डस के सर्टिफिकेट भी आज दिए गए।

## असम के मोरीगांव में 5.0 तीव्रता के भूकंप से सहमे लोग, गुवाहाटी तक लगे झटके

गुवाहाटी(आरएनएस)। असम के मोरीगांव में गुरुवार तड़के तेज भूकंप के झटकों से लोग सहम गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.0 दर्ज की गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, भूकंप सुबह 2:25 बजे 16 किलोमीटर गहराई में आया है। इसके झटके मोरीगांव से 80 किलोमीटर दूर गुवाहाटी और राज्य के अन्य हिस्सों में भी महसूस किए गए हैं। भारत के अलावा तजाकिस्तान में भी सुबह 6:27 बजे 4.3 तीव्रता का भूकंप आया था, जो 90 किलोमीटर गहराई में था। असम में भूकंप से कुछ दिन पहले 25 फरवरी को बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके झटके पश्चिम बंगाल के कोलकाता और कई अन्य हिस्सों में भी महसूस हुए थे।दिल्ली में भी 17 फरवरी को 4.0 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र धौला कुआं में दुर्गाबाई देशमुख कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन के पास 5 किलोमीटर की गहराई पर था।दिल्ली में भूकंप काफी तेज था, जिससे लोग सहम गए थे। विशेषज्ञों की मानें तो असम में भूकंप आना सामान्य बात है क्योंकि यह भारत के सबसे ज़्यादा भूकंप-प्रवण क्षेत्रों में से एक है।







## भिखारी मुक्त होगा इटारसी, नपा परिषद ने लिया निर्णय

### -09 वार्डों में कचरा कलेक्शन निजी हाथों में जाएगा, नगरपालिका ने आय बढाने स्वामित्व की दुकानों का बढ़ाया किराया

### -कांग्रेस ने दो प्रस्तावों के बाद किया बैठक से वॉकआउट,शहर में तीन स्थानों पर बनेंगे नालो पर नए ब्रिज

इटारसी। नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका परिषद इटारसी के सामान्य सम्मेलन में इटारसी को भिखारी मुक्त शहर बनाने का निर्णय लिया। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने 19 प्रस्ताव परिषद के समक्ष रखे थे। जिन्हें परिषद ने स्वीकार करते हुए पारित किया। हालांकि प्रस्ताव क्रमांक 03 के बाद कांग्रेस ने बैठक से वॉकआउट कर दिया। शहर को भिखारी मुक्त शहर बनाने और उनके पुर्नवास का कार्य किया जाएगा। नपा के स्वामित्व की 1578 दुकानों का किराया उनकी लोकेशन अनुसार बढेगा। प्राइम लोकेशन में 3 रुपये प्रति वर्ग फीट किराया बढाया गया है तो न्यास कॉलोनी लकडगंज में 1 रुपये प्रति वर्गफीट की किराया वृद्धि होगी। इससे आने वाली परिषदों के लिए राजस्व वृद्धि का रास्ता खोल दिया है। अब प्रति तीन वर्ष में स्वत: ही 20 प्रतिशत किराये में बढोतरी होगी। वार्ड क्रमांक 09 डायवर्सन रोड पर पहाडी नाले पर बने पुराने ब्रिज के स्थान पर 1.5 करोड रुपये से कवर्ट ब्रिज का निर्माण होगा। जिससे वार्ड 08, 09, 06 और 10 के नागरिकों को बाढ के समय रास्ता बंद होने की समस्या से निजात मिलेगी। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 08 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया की मांग पर बंगलिया में ब्रिज निर्माण की सहमति हुई। शहर के होर्डिंग्स के लिए टेंडर निकालेगी। जिससे राजस्व में वृद्धि होगी।

कांग्रेस के सभी पार्षद प्रस्ताव क्रमांक 03 डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को निजीकरण पर देने के प्रस्ताव पर चर्चा के बीच ही वॉकआउट कर गए। बैठक में सीएमओ रितु मेहरा, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत सहित सभापति व पार्षद मौजूद रहे।

### यह प्रस्ताव हुए पारित

इटारसी को भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाने एवं भिक्षावृत्ति करने वालों के पुर्नवास एवं उत्थान के प्रयास होंगे। राष्ट्रीय पर्व, धार्मिक त्यौहार एवं खेलकूद गतिविधियों जैसे गणंतत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, हॉकी प्रतियोगिता, रामलीला दशहरा महोत्सव, इटारसी गौरव दिवस, शिक्षक दिवस, राष्ट्रीय योग दिवस, गांधी जयंती,




ग्रीष्मकालीन खेल समर कैंप फुटबॉल प्रतियोगिता आदि अन्य गतिविधियों हेतु वर्ष 2025-26 के लिए 60 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत के दंगल और कबडडी के लिए फंड देने के प्रस्ताव पर सहमति हुई। अध्यक्ष ने कहा कि फेडरेशन के जरिए होने वाली प्रतियोगिता में सहायता की जाएगी।

नगरीय सीमा क्षेत्र अतंर्गत कचरा संग्रहण डोर टू डोर कलेक्शन पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में प्रथम चरण में वार्ड कमांक 32, 31, 11, 12, 13, 14, 15, 17 और 30 के आंशिक भाग के लिये 03 वर्ष के लिये कचरा संग्रहण डोर टू डोर कलेक्शन कार्य निजी हाथों में जाएगा। इसके लिए 3 करोड रुपये की स्वीकृति नगरपालिका परिषद ने दी है। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि पुराने कर्मचारियों की नौकरी पर इसका प्रभाव नहीं पडेगा।

23 अप्रैल को इटारसी गौरव दिवस के अवसर पर नगरपालिका इटारसी उत्सव मेला का एक माह के लिए आयोजन करेगी। नगरपालिका स्वास्थ्य शाखा में आउटसोर्स पर 01 वर्ष की अवधि के लिये कर्मचारी रखेगी। खर्च 1.30 करोड रुपये आएगा। नगर पालिका की स्वामित्व की समस्त दुकानों के वर्ष 2025.26 से किराये वृद्धि की गई है। नगरपालिका की जलप्रदाय एवं अन्य शाखाओं में आउटसोर्स पर कर्मचारी 01 वर्ष की अवधि के लिये कार्य पर कर्मचारी रखेगी। इस पर 70 लाख रुपये खर्च आएगा। नगरीय क्षेत्र में होर्डिंग्स एवं विभिन्न प्रकार के विज्ञापन के लिये प्रति होर्डिंग्स प्रति वर्ष न्यूनतम किराया निर्धारित किया गया। नामांतरण समिति द्वारा वर्तमान परिषद में आज दिनांक तक किये गये दुकानों एवं मकानों क नामांतरण प्रकरण समिति की बैठक की जानकारी परिषद के समक्ष रखी गई। रामलीला दशहरा उत्सव वर्ष 2024 हेतु अध्यक्षीय परिषद के प्रस्ताव कमांक 06, हॉकी प्रतियोगिता हेतु अध्यक्षीय परिषद के प्रस्ताव कमांक 16 की पुष्टि परिषद ने की। पुराना देना बैंक भवन प्रथम तल की जगह को नीलामी पर देने की सहमति दी। नगरपालिका कार्यालय स्थित क्षेत्र में वल्लभदास मार्केट की 05 दुकानें एवं जनता मार्केट की 16 दुकानों की डीपीआर बनवा कर दुकानों का पुनर्निर्माण एवं प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल पर दुकानों का निर्माण कराया जाकर नीलामी किये जाने पर परिषद ने सहमति दी। वहीं बस स्टैंड के पीछे स्थित पं. रविशंकर शुक्ल मार्केट की 21 दुकानों की डीपीआर बनवा कर दुकानों का पुनर्निर्माण एवं प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल पर दुकानों का निर्माण कराया जाकर नीलामी किये जाने पर सहमति मिली।

नगर पालिका कार्यालय वार्ड 11 में पुराने बस स्टैंड पर नगरपालिका भवन बनाएगी। इसके लिए नजूल से जमीन आवंटित कराई जाएगी। भवन निर्माण के लिए राशि शासन से नपा लेगी। वार्ड क्रमांक 04 एवं 07 को जोड़ने वाला सनखेडा नाका सरस्वती स्कूल से पटैल मोहल्ला रोड तक नाले पर ब्रिज निर्माण कार्य के लिए अनुमति मिली। राशि रूपये 45 लाख और वार्ड के 07 सनखेडा नाका सरस्वती स्कूल से पटैल मोहल्ला रोड तक नाले पर स्टोन पिचिंग कार्य हेतु अनुमानित व्यय राशि रूपये 57 लाख शासन से राशि प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने की सहमति हुई। वार्ड के 19 में गणेश नगर से सरस्वती स्कूल तक सी सी रोड निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति। वार्ड के 15 एवं 17 में एमजीएम कॉलेज से नालंदा स्कूल मुख्य मार्ग तक रोड चौड़ीकरण कार्य के लिए राशि रूपये 10,4,27,700. की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिली। वार्ड के 26 में भगतसिंह नगर नाला मोहल्ला से मेहरागांव नदी पर बॉक्स कलवर्ट निर्माण कार्य हेतु लगभग अनुमानित व्यय राशि रूपये 80 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति हुई। वार्ड के 09 एवं 10 में स्थित आवाम नगर में पुल निर्माण कार्य पर होने वाले अनुमानित व्यय राशि रूपये 1.5 करोड की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति नगरपालिका ने प्रदान की।

### इनका कहना है

परिषद के द्वारा सभी प्रस्ताव पास किए गए। नपा के स्वामित्व की दुकानों के किराए में बढोतरी की गई है इसके अलावा शहर के कुछ वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन पायलट प्रोजेक्ट पर निजी हाथों में देने पर सहमति हुई है।

**पंकज चौरे**
**अध्यक्ष नगरपालिका परिषद इटारसी**





# मध्यप्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नई क्रांति की ओर अग्रसर :मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में वर्ष 2070 तक कार्बन फुट-प्रिंट को शून्य तक लाने और समाप्त होते जीवाश्म ईंधन के विकल्प तलाशने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट (अक्षय) नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्यप्रदेश पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ योगदान दे रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में पिछले 12 वर्षों में नवीन और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 14 प्रतिशत अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिससे अब कुल ऊर्जा उत्पादन में सहभागिता 30 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

### मध्यप्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा का व्यापक निवेश

जीआईएस-भोपाल में मध्यप्रदेश की टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी के कारण नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीआईएस-भोपाल के उद्घाटन अवसर पर कहा कि विगत दशक में भारत के ऊर्जा क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 70 बिलियन डॉलर (5 ट्रिलियन रुपये से अधिक) का निवेश किया गया, जिससे स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 10 लाख से अधिक रोजगार सृजित हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस विकास में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और बताया कि राज्य वर्तमान में लगभग 31,000 मेगावाट की विद्युत उत्पादन क्षमता रखता है, जिसमें से 30त्न हरित ऊर्जा है।

### रीवा और ओंकारेश्वर: हरित ऊर्जा के नए केंद्र

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने उद्बोधन मे कहा जीआईएस के शुभारंभ पर मध्यप्रदेश का रीवा सोलर पार्क देश के सबसे बड़े सौर ऊर्जा पार्कों में से एक है। इसके साथ ही हाल ही में ओंकारेश्वर में देश के सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर प्लांट का शुभारंभ किया गया है, जिससे अक्षय ऊर्जा उत्पादन को नई दिशा मिली है।

### मध्यप्रदेश: ऊर्जा सरप्लस राज्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य अपनी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के कारण देश के अग्रणी ऊर्जा सरप्लस राज्यों में से एक है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण



और ऊर्जा आत्म निर्भरता को प्राथमिकता देते हुए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है।तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने वाली पहली नवकरणीय ऊर्जा नीति मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी लागू की है। इस नीति में सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को अनुकूल और लचीले अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नया आयाम जुड़ रहा है।

### सांची बना मध्यप्रदेश का पहला सौर शहर

पर्यावरण संरक्षण और नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, सांची को राज्य का पहला सौर शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह नेट ज़ीरो कार्बन सिद्धांत पर आधारित होगा, जिसमें जितनी ऊर्जा का उपभोग होगा, उतनी ही हरित ऊर्जा का उत्पादन भी किया जाएगा। यह परियोजना देश-दुनिया के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी।

### नर्मदापुरम में नवकरणीय ऊर्जा उपकरणों के लिए समर्पित निर्माण क्षेत्र

राज्य सरकार नर्मदापुरम जिले में पॉवर और नवकरणीय ऊर्जा उपकरणों के लिए एक समर्पित निर्माण ज़ोन विकसित कर रही है, जिससे राज्य में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### वर्ष- 2030 तक 20 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरदर्शी नीतियों और राज्य सरकार के ठोस प्रयासों से मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा हब के रूप में उभर रहा है। वर्तमान में राज्य में 5 बड़ी सौर परियोजनाएँ कार्यरत हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 2.75 गीगावाट (2,750 मेगावाट) है। सरकार की योजना वर्ष-2030 तक नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 20 गीगावाट (20,000 मेगावाट) करने की है।

### नवकरणीय ऊर्जा में 5.72 लाख करोड़ से अधिक का निवेश एवं 1.4 लाख से अधिक रोजगार के अवसर

मध्यप्रदेश सरकार नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 5,21,279 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर रही है, जिससे 1,46,592 नौकरियाँ सृजित होंगी। जीआईएस-भोपाल में नवकरणीय ऊर्जा सेक्टर में अवाडा एनर्जी, एमकेसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, एक्सिस एनर्जी वेंचर, एनएसएल रिन्यूएबल पॉवर प्राइवेट लिमिटेड, टोरेंट पॉवर और जिंदल इंडिया रिन्यूएबल एनर्जी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने निवेश प्रस्ताव दिए हैं। इस निवेश से राज्य में अक्षय ऊर्जा उत्पादन को गति मिलेगी और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### मध्यप्रदेश: भारत के नेट ज़ीरो कार्बन लक्ष्य में प्रमुख योगदानकर्ता

राज्य सरकार की यह पहल भारत के 'नेट ज़ीरो कार्बन' लक्ष्य वर्ष-2070 को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मध्यप्रदेश तेजी से नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में देश का नेतृत्वकर्ता बन रहा है और आत्मनिर्भर भारत व स्वच्छ ऊर्जा मिशन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।



सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने जी आई एस में सहकारिता विभाग की फॉलो अप समीक्षा की।

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज के बड़े बेटे कार्तिकेय की शादी मंगेतर अमानत संग बनारस में कराया प्री-वेडिंग शूट

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान विवाह के बंधन में बधने वाले हैं. इससे पहले कार्तिकेय ने अपनी मंगेतर अमानत बंसल के साथ वाराणसी में प्री-वेडिंग शूट करवाया. प्री-वेडिंग शूट का वीडियो खुद अमानत के पिता अनुपम बंसल ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है.

कार्तिकेय सिंह चौहान का रिश्ता बिजनेसमैन अनुपम बंसल की बेटी अमानत बंसल से तय हुआ है. राजस्थान के रहने वाले अमानत बंसल के पिता अनुपम बंसल फेमस शूज कंपनी Liberty के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं और मां रुचिता बंसल कन्फेडरेशन ऑफ विमन एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया के हरियाणा चैप्टर की फाउंडर हैं.

## मध्य प्रदेश के उत्तरी इलाके में बारिश के आसार, प्रेरित चक्रवात दिखाएगा अपना असर, तापमान में होगी वृद्धि




भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश का मौसम एक बार फिर बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। दिन में धूप शाम में ठंडक ने लोगों को एक बार फिर सर्दी का एहसास करवाया है। राजधानी भोपाल सहित कई इलाकों में ठंड का असर वापस देखने को मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम में ही परिवर्तन देखने को मिला है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में प्रदेश के उत्तरी हिस्से में बारिश हो सकती है। इसकी वजह पश्चिमी विक्षोभ और राजस्थान के पास बन रहा एक चक्रवात है। जानकारी के मुताबिक अगले 48 घंटे में तापमान 2 से 4 डिग्री तक बढ़ जाएगा। इसके बाद ग्वालियर चंबल और प्रदेश के अन्य इलाके में बूंदाबांदी हो सकती है।

### दिव्यांगजनों के लिये 7 और 8 मार्च को आयोजित होगी सुगम्य यात्रा

भोपाल (आरएनएस)। दिव्यांगजनों को सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों, मॉल और सिनोमाघरों में उनकी सुविधानुसार किस तरह का सुगम्य वातावरण होना चाहिए। प्रदेश के प्रत्येक जिले में 7 और 8 मार्च 2025 को जिला कलेक्टर्स के सहयोग से दिव्यांगजन की "सुगम्य यात्रा" का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक जिले में चुनिंदा दिव्यांगजन को शासन व्यवस्था के अनुसार वाहन उपलब्ध कराकर सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं आयुक्त नि:शक्तजन श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में "सुगम्य यात्रा" निकाली जाएगी।

## पांच हजार में बैंक खाते खरीदकर 6 गुना दाम में ठगों को बेचा, 13 खातों में 8 करोड़ से अधिक का लेनदेन

भोपाल (आरएनएस)। साइबर ठगों को बैंक खाते बेचने वाले एक गिरोह को भोपाल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरोह का सरगना पांच-पांच हजार रुपये का लालच देकर लोगों से बैंक खाते खुलवाकर





उन्हें खरीदता था। फिर उन खातों को 30-30 हजार रुपये में बिहार के बेतिया में बैठे साइबर ठगों को बेच देता था।

जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय तरुण राय हबीबगंज क्षेत्र की श्यामनगर मल्टी में परिवार के साथ रहता है। छह महीने पहले वह टेलीग्राम के जरिए साइबर ठगों के संपर्क में आया था। ठगों ने उससे बैंक खाते खरीदकर उन्हें उपलब्ध कराने के बदले मोटी रकम का प्रस्ताव दिया, जिसके बाद तरुण ने अपने परिचितों से बैंक खाते खुलवाने की पेशकश की और उन्हें पांच हजार रुपये का झांसा भी दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी तरुण राय उसके साथी अजय राय और करण वाल्मिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को अब तक 13 बैंक खातों की जानकारी मिली है, जिसमें करीब आठ करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन मिला है।पुलिस का कहना है कि यह गिरोह और बड़ा हो सकता है। उसके अन्य सहयोगियों और इनके खरीदे-बेचे गए खातों का ब्यौरा तलाशा जा रहा है। आशंका है कि इस गिरोह में बड़ी संख्या में ऐसे म्यूल खाते साइबर ठगों को उपलब्ध कराए हैं। इसके साथ ही पुलिस बिहार के साइबर ठगों पर शिकंजा कसने के तकनीकी और कानूनी रास्तों की भी तलाश कर रही है।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में बाग प्रिंट कला को सराहा

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भोपाल में एमपी पवेलियन का अवलोकन किया। जहां मध्यप्रदेश के हस्तशिल्प, टेक्सटाइल और स्थानीय उद्योगों का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बाग प्रिंट के युवा शिल्पकार मोहम्मद आरिफ खत्री के स्टॉल का अवलोकन किया और खुद बाग प्रिंट का ठप्पा लगाकर इस पारंपरिक कला की महत्ता को रेखांकित किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। भोपाल में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 60 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें 13 राजदूत, 6 उच्चायुक्त और कई महावाणिज्यदूत मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि आरिफ खत्री, जो 15 वर्षों से इस कला में सक्रिय हैं, ने बाग प्रिंटिंग को आधुनिक डिजाइनों और तकनीकों से जोड़ते हुए इसे वैश्विक पहचान दिलाई है।

# किसानों को उपार्जित गेहूं का भुगतान समय पर करें

## प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती शमी ने की समीक्षा

भोपाल (आरएनएस)। प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सागर एवं शहडोल संभाग के कमिश्नर एवं कलेक्टर्स से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों से अच्छी गुणवत्ता का गेहूं उपार्जित करें। साथ ही उपार्जित गेहूं का भुगतान समय पर करें। गौरतलब है कि खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गत दिनों गेहूं उपार्जन की समीक्षा के दौरान जिलेवार उपार्जन तैयारियों की समीक्षा के निर्देश दिये थे। श्रीमती शमी ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिये सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किसानों को गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन कराने के लिये जागरूक करें। उन्होंने संभागायुक्त और जिलों के कलेक्टर्स से अलग-अलग बात कर गेहूं उपार्जन के लिये की गई तैयारियों की जानकारी ली। अभी तक 3 लाख से अधिक





किसान गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन करा चुके हैं। श्रीमती शमी ने बताया कि वेयर हाउस के लंबित भुगतान भी जल्द किये जायेंगे। उन्होंने उचित मूल्य दुकानों से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का ई-केवायसी कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने बताया कि गेहूं उपार्जन के लिये किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गेहूं का उपार्जन 1 मार्च से 18 अप्रैल तक होगा। शेष संभागों में 17 मार्च से 5 मई तक गेहूं का उपार्जन किया जायेगा। संचालक खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने कहा कि उपार्जित गेहूं का परिवहन जल्द किया जाये। गेहूं के भंडारण की समुचित व्यवस्था करें। उपार्जन केन्द्रों की माइक्रो प्लानिंग करें। इस बात ध्यान रखें कि उपार्जन केन्द्रों में किसानों को कोई कठिनाई नहीं हो। ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों का सत्यापन कराएं। उचित मूल्य दुकान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन 7 दिन में करा लें। उपार्जन कार्यों की मॉनिटरिंग के लिये संबंधित अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं। उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त बारदानों की व्यवस्था करें।एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा ने किसानों के रजिस्ट्रेशन पर जोर दिया। उन्होंने धान मिलिंग की समीक्षा की तथा मिलिंग का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। श्री वर्मा ने परिवहन संबंधी लंबित बिलों को जल्द भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भुगतान की कार्यवाही शीघ्र की जायेगी।

## महाशिवरात्रि पूजा के दौरान घर में हुआ बड़ा हादसा, 11 लोग झुलसे

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल के बागसेवनिया थाना इलाके में महाशिवरात्रि पूजा के दौरान बड़ा हादसा हो गया। यहाँ घर में रखे सिलेंडर से गैस लीक हो गई, और दिये जलाते समय आग भड़क गई। हादसे में 3 पुजारी, 1 हलवाई और एक बच्ची समेत 11 लोग झुलस गए। बताया गया है कि घटना के समय घर में करीब 15 लोग थे, जिनमें से 4 लोग थोड़ी देर पहले ही घर से बाहर निकले थे। हादसे के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार आसाराम फेस-1 में रहने वाले नवल किशोर शुक्ला विधानसभा में क्लर्क हैं। शिवरात्रि के दिन उनके घर पर पूजा का आयोजन किया गया था। जिसके चलते उनका पूरा परिवार मौजूद था।

### देश की पहली मालवी प्रेम कहानी का 28 फ़रवरी को भोपाल में ऑडिशन

भोपाल(आरएनएस)। राठौर फिल्म एंड एंटर टेनमेंट के बैनर तले मालवा की पहली रोमांटिक फिल्म थारो म्हारो प्रेम का ऑडिशन भोपाल क्षेत्र के रंगकर्मियों के लिए 28 फरवरी को नाइन मसाला रेस्टोरेंट में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक रखा गया है । कार्यक्रम का शुभारंभ आशीष अग्रवाल (प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी)द्वारा किया जाएगा । इस अवसर पर क्षेत्र के स्थानीय कलाकार उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश प्रेस क्लब के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार डॉ.नवीन आनंद जोशी, रॉयल प्रेस क्लब भोपाल के पत्रकार पंकज भदौरिया , निर्माता निर्देशक राठौर द्वारा फिल्म की जानकारी दी जाएगी। इस फिल्म के मंदसौर उज्जैन में ऑडिशन हो चुके हैं भोपाल के बाद रतलाम में होगा ,फिर झाबुआ होगा । इस फिल्म में मालवा के स्थानीय कलाकारों को प्रमुखता से लिया जा रहा है साथ ही साथ बॉलीवुड के प्रसिद्ध कलाकार फिल्म में रहेंगे । पिछले सप्ताह फिल्म का प्रोमो मंदसौर लदुना पशुपतिनाथ देव डूंगरी माताजी पर फर्स्ट शेड्यूल के संपन्न किया गया, राजेंद्र राठौड़ द्वारा पूर्व में फिल्म कुंवारापुर बनाई गई थी फिल्म को टैक्स फ्री करने के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन किया है कि क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय सिनेमा को विशेष अनुदान दिया जाए । मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस प्रस्ताव को कैबिनेट में मंजूर कर लिया गया है, राजेंद्र राठौड़ द्वारा मुख्यमंत्री मोहन जी यादव और मध्य शासन को पूरे प्रदेश के कलाकारों की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद । सरकार की इस पहल से क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा मिलेगा और लोकल फिल्मों का निर्माण होगा जिससे हमारे स्थानीय कलाकारों को घर बैठे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे । थारो म्हारो प्रेम एक सामाजिक मुद्दों पर मालवा की संस्कृति रीति रिवाज को प्रदर्शित करते हुए कई सामाजिक मुद्दों पर संदेश देती हुई, पारिवारिक महिला प्रधान फिल्म है।

## स्मार्ट मीटर योजना की सफलताएं जबलपुर, भोपाल को बताई जाएंगी

### म. प्र. प.क्षे.वि.वि.कं. के चेयरमैन अविनाश लवानिया का इंदौर दौरा

भोपाल (आरएनएस)। स्मार्ट मीटर योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर ने इस क्षेत्र में काफी अच्छा कार्य किया हैं, पश्चिम क्षेत्र में स्मार्ट मीटर की सफलता की जानकारी जबलपुर, भोपाल बिजली कंपनी को दी जाएगी। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पदेन चेयरमैन एवं पॉवर मैंनेजमेंट कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अविनाश लवानिया ने बताया कि जल्द ही शासकीय कार्यालयों, परिसरों में प्राथमिकता से स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, ताकि शासकीय कार्यालयों की बिजली वितरण व्यवस्था प्रीपेड की जा सके। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सभागार में गुरुवार को हुई मीटिंग में श्री लवानिया ने कहा कि इंदौर क्षेत्र हर कार्य में आगे रहता हैं, हर बार सफलता प्राप्त करता हैं, इंदौर के अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ता सेवाओं, मीटरीकरण, बिजली आपूर्ति, राजस्व संग्रहण, मानव संसाधन, आरडीएसएस समेत अन्य कार्यों, सेवाओं की जानकारी ली। एमडी श्री लवानिया ने कहा कि स्मार्ट मीटर के एबलेशन की वरिष्ठ अधिकारियों से की जाने वाली प्रति परीक्षण की सूची मुख्यालय से रेंडम आधार पर दी जाए। श्री लवानिया ने स्मार्ट मीटर की खासियतें उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रचार माध्यमों से बताए जाने एवं स्मार्ट मीटर की टीम द्वारा चोरी एवं अनियमितताओं के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की।

## प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में जरुरतमंदों को रियायती दर पर भोजन की सुविधा

### अब तक कुल 4 करोड़ से अधिक भोजन थाली कराई गई उपलब्ध

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में व्यवसाय और श्रम कार्य के लिये ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले गरीब परिवारों को नगरीय एवं आवास विभाग द्वारा रियायती दर मात्र 5 रुपये में थाली उपलब्ध करायी जा रही है। प्रदेश में संचालित दीनदयाल रसोई योजना का 3 चरणों में विस्तार किया गया है। योजना में अब तक 4 करोड़ से अधिक भोजन थाली जरूरतमंदों को उपलब्ध कराई जा चुकी है।वर्तमान में 124 नगरीय निकायों में 191 रसोई केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इनमें 166 स्थायी और 25 चलित रसोई केन्द्रों से शहरी जरूरतमंदों को भोजन थाली उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश के 16 नगर निगमों में 58 स्थायी रसोई केन्द्र, 99 नगरपालिका परिषद में 99 स्थायी रसोई केन्द्र और 9 नगर परिषदों में 9 स्थायी रसोई केन्द्र संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में संचालित 25 चलित रसोई केन्द्र में से 16 नगर निगमों में 23 चलित रसोई केन्द्र और 2 नगरपालिका परिषद में 2 चलित रसोई केन्द्र संचालित हो रहे हैं। नगरीय निकायों में चलित रसोई केन्द्र की सुविधा इसलिये प्रारंभ की गई है कि जरूरतमंदों को उनके श्रम स्थान पर पहुंचकर ही भोजन थाली उपलब्ध कराई जा सके।

#### संस्था को दी जाने वाली अनुदान राशि

नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा रसोई योजना संचालित करने वाली संस्था को विभाग द्वारा प्रति थाली 10 रुपये अनुदान राशि उपलब्ध करायी जा रही है। रसोई योजना का संचालन प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रसोई केन्द्र में स्वच्छता के साथ किये जाने की व्यवस्था की गयी है। व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी नगरीय निकायों के अमले को सौंपी गयी है। शहरी क्षेत्र में 25 चलित रसोई केन्द्रों के लिये सुसज्जित वाहन विभाग द्वारा नगरीय निकायों को दिये गये हैं। प्रदेश के 6 धार्मिक नगरों मैहर, चित्रकूट, ओंकारेश्वर, महेश्वर, ओरछा और अमरकंटक में भी रसोई केन्द्र की व्यवस्था की गयी है।

## एमपीपीएससी की तैयारी कर रही छात्रा को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

भोपाल(ए)। हबीबगंज इलाके में एमपीपीएससी की तैयारी कर रही छात्रा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 22 वर्षीय छात्रा ने अपनी शिकायत में बताया



कि वह एमपीपीएससी की तैयारी कर रही है। अपने कुछ दोस्तों के जरिए उसकी पहचान आरोपी वेदांत कुंभारे से एक कैफे में हुई थी। जल्दी उनके बीच खासी दोस्ती हो गई इसके बाद आरोपी वेदांत कुंभारे ने पीड़िता को शादी के लिए प्रपोज किया था। बाद में आरोपी ने पीड़िता को अपने घर बुलाया और जल्द शादी करने का वादा करते हुए शारीरिक संबंध बना डालें। एक साल तक दोनों रिश्ते में रहे, लेकिन जब पीड़िता ने उसपर शादी का डाला तब उसने शादी करने से मना कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को मामले की शिकायत कर दी। पुलिस ने आरोपी वेदांत कुंभारे के खिलाफ केस दर्ज लिया है।

## कलेक्टर श्री यादव ने महाशिवरात्रि पर रूपनाथ धाम में पहुंचकर किया पूजा-अर्चना भगवान शंकर से जिलेवासियों की सुख-समृद्धि का मांगा आशीष



कटनी (आरएनएस)। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने महाशिवरात्रि महापर्व पर बहोरीबंद तहसील स्थित रूपनाथ धाम पहुंचकर भगवान शंकर की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। कलेक्टर श्री यादव ने विधि-विधान से यहां भगवान शंकर का जल और दुग्ध अभिषेक किया। इस दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया भी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री यादव ने भगवान शंकर से जिलेवासियों के कल्याण, सभी को सुख-शांति और समृद्धि प्रदान कर सभी के जीवन से अंधकार को मिटा कर सद्गुणों से प्रकाशवान बनाने के आशीर्वाद की कामना भी की।

## भोजपुर में शिवलिंग को फूलों से सजाया



रायसेन (आरएनएस)। जिले के भोजपुर मंदिर में भी सुबह से भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। यहां 7.5 फुट ऊंचे शिवलिंग को फूलों से सजाया गया है। यहां शिव मंदिर में 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय 'महादेव' महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। मध्यप्रदेश शासन और संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इसमें श्रद्धालुओं का प्रवेश निशुल्क रहेगा।एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बताया कि महोत्सव में करीब एक लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। प्रशासन ने इसके लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। आयोजन स्थल का निरीक्षण कर समीक्षा बैठक की गई है।पहले दिन शिव भाई गुप्ता लोकगान करेंगे, अभिलाष चौबे बधाई लोकनृत्य और हीरामणि वर्मा मटकी लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। प्रसिद्ध सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा भक्ति वादन से माहौल को भक्तिमय बनाएंगे।27 फरवरी को अंशुल प्रताप सिंह शिव तांडव की अद्भुत प्रस्तुति देंगे।

## बैंक गबन का मामलाः पांच अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

ग्वालियर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के ग्वालियर में भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में करोड़ों के गबन के पांच आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। एसबीआई में गबन मामले की जांच अब EOW करेगी। दरअसल मामला एसबीआई हजीरा इंडस्ट्रियल क्षेत्र ब्रांच का है। बैंक के पांच अफसरों पर गबन का आरोप है। इन लोगों ने एक करोड़ 68 लाख रुपये का गबन किया है। एसबीआई बैंक के अफसर वरुण पाराशर, विजेंद्र सिंह बेस, शरद टन्डन, सोनम शेजवाल और तेजन अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। भोपाल EOW ने सभी पर गबन की FIR दर्ज की है। ग्वालियर EOW गबन के मामले की जांच करेगी। गड़बड़ी 2020 से 2024 के बीच बैंक खातों से की थी। म्युचुअल फंड और लाइफ इंश्योरेंस में निवेश के नाम पर घोटाला हुआ था। एसबीआई (SBI) के अफसरों ने एक करोड़ 68 लाख रुपए का हेरफेर किया था।

## शिव की बारात में नाचे विधायक विवेक पटेल

बालाघाट। (आरएनएस)। जिले के वारासिवनी में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विधायक विवेक पटेल ने शिवभक्तों के साथ बारात में शामिल होकर नृत्य किया।

विधायक ने पत्नी के साथ रमरमा स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि जंगल से घिरा यह मंदिर विशेष महत्व रखता है। उन्होंने इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का आश्वासन दिया।

वारासिवनी नगर के सभी शिव मंदिरों और रमरमा की पहाड़ियों में स्थित शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। विधायक ने मेले की सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य डुलेन्द्र ठाकरे, एसडीएम राजीव रंजन पांडे, एसडीओपी अभिषेक चौधरी और थाना प्रभारी हेमंत नायक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## रेल्वे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर नहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

छतरपुर(आरएनएस)। ईशानगर थाना अंतर्गत रेल्वे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर बुधवार को एक अज्ञात पुरुष का शव मिला। शव नहर के पानी में बीचों बीच डला मिला।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।मृतक व्यक्ति की उम्र लगभग 28 वर्ष और दाहिने हाथ पर गुदने से सिर्फ आपके लिए लिखा है तो वहीं बाएं हाथ पर गुदने से सूरज बना गुदा हुआ है। वह सफेद रंग की शर्ट,पीली कलर की टी शर्ट,नीला कलर का जींस का पहने हुए हैं।थाना ईशानगर प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

पुलिस का कहना है कि मृत्यु के कारणों का पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगा।पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की पहचान के लिए सूचना जारी की है।कोई भी व्यक्ति जो इस पुरुष को पहचानता है। वह पुलिस से संपर्क कर सकता है।

## कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलते तीन आरोपी को पकड़ा

सिवनी (आरएनएस)। कोतवाली पुलिस ने लखनवाड़ा क्षेत्र में बुधवार को जुआ खेल रहे लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है, जबकि पांच आरोपी मौके से फरार हो गए।

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के मुताबिक, मुखबिर से खेत में जुआरियों के जुआ खेलते की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने ग्राम लूघरवाड़ा के खेत में छापेमारी की। वहां कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपयों का दांव लगा रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों में बरघाट नाका निवासी घनश्याम दास (35), भैरोगंज सिवनी के राहुल चंद्रहास (32) और बीझावाड़ा कंडीपार रोड निवासी ओमप्रकाश बघेल (34) शामिल हैं। मंगलीपेठ के अनूप कश्यप, केवटी वार्ड के मन्नू नाविक, लूघरवाड़ा के संदीप बघेल, जितेंद्र बघेल उर्फ बादशा और गोलू काछी फरार हो गए।

## स्टीयरिंग फेल होने से खाई में समा गई पिकअप वाहन, हादसे में महिला सहित तीन की मौत, 27 घायल

जबलपुर (आरएनएस)। जबलपुर में बुधवार की शाम हुए सड़क हादसे में महिला सहित तीन की मौत हो गई, जबकि महिला और बच्चे 27 लोग घायल हुये है घटना बरेला थाना के ब्रिज के पास उस समय हुई जब पिकअप वाहन में सवार होकर लोग शादी पक्की करने जा रहें थे. जैसे ही पिकअप वाहन बरेला ब्रिज के पास पहुंचा, तभी स्टेयरिंग फेल होने के कारण सड़क किनारे खाई में जा गिरा. दुर्घटना की जानकारी मिलते ही बरेला थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और निजी एवं 108 की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया, जहां महिला सहित तीन ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### जिले के खजूरी आंजना व झिरकन के बीच हुआ भयानक सड़क हादसा, मोटरसाइकिल से जा रहा था व्यक्ति, तभी हो गई ये बड़ी अनहोनी

मंदसौर (आरएनएस)। खजूरी आंजना व झिरकन के बीच बीती रात एक अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति का एक पैर कटकर अलग हो गया। उक्त व्यक्ति को गंभीर हालत में एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। यह घटना रात करीब 9.30 से 10 बजे के बीच की बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## महाशिवरात्रि पर उमा भारती महाकाल दर्शन को पहुंची

उज्जैन (आरएनएस)। महाशिवरात्रि पर महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भगवान महाकाल का अभिषेक कर आशीर्वाद लिया। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने पंडित नेहरू की उद्योग नीति की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव को इसे अपनाने की सलाह दी। साथ ही, ग्लोबल समिट को सफल बनाने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग और तेज़ी से काम करने वाले अधिकारियों की जरूरत बताई। महाकाल दर्शन के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने उद्योग विकास पर अपनी राय रखते हुए कहा कि देश में दो विकास मॉडल रहे हैं—एक पंडित नेहरू का, जो उद्योगों के विकास पर केंद्रित था, और दूसरा महात्मा गांधी का, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था और स्वावलंबन पर



आधारित था। उन्होंने सुझाव दिया कि नए निवेशों में नेहरू की औद्योगिक अवधारणा को भी शामिल किया जाए।

उमा भारती ने कहा, हमें नेहरू और गांधी के विकास मॉडल का संतुलित मेल करना होगा। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में यह संतुलन दिखता है, उसी तरह अगर मुख्यमंत्री मोहन यादव भी इसे अपनाएं, तो एमओयू ज़मीन पर उतरेंगे और वास्तविक रूप से निवेश का लाभ मिलेगा। शराबबंदी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से राज्य में संपूर्ण शराबबंदी लागू करने की अपील की। उन्होंने कहा कि धार्मिक शहरों में शराबबंदी लागू करने के बाद अब इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाना चाहिए। अब समय आ गया है कि महानगरों से लेकर ग्राम पंचायतों तक शराब पर पूरी तरह रोक लगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाया है, लेकिन इसे और व्यापक बनाना जरूरी है।

## ड्रोन से पकड़ी गई अवैध अफीम की खेती, एक आरोपी गिरफ्तार

सिंगरौली (आरएनएस)। सिंगरौली पुलिस ने पहली बार ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर अवैध अफीम की खेती का खुलासा किया है। मामला माड़ा थाना क्षेत्र के धनहरा गांव का है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। करीब 1 लाख रुपए कीमत की 450 अफीम के पौधे जब्त किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

एसपी मनीष खत्री के अनुसार, अफीम की खेती के लिए नारकोटिक्स डिपार्टमेंट से लाइसेंस लेना जरूरी है। सिंगरौली और आसपास के जिलों में केंद्र सरकार की तरफ से ऐसा कोई लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। इस वजह से यहां कोई भी व्यक्ति अफीम की खेती नहीं कर सकता। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि क्या जिले में और भी लोग चोरी-छिपे अफीम की खेती कर रहे हैं।

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायत अटेंड न करने पर किया जुर्माना अधिरोपित

दतिया (आरएनएस)।कलेक्टर संदीप कुमार माकिन ने विगत दिवस जिले के अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड नहीं करने एव गंभीरता से लेने पर जुर्माना अधिरोपित किया है।

उनमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी दतिया नागेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीओ वन विभाग प्रीति शाक्य पर 1-1 हजार रूपये एवं कनिष्ठ यंत्री विद्युत विभाग संतोष जाटव, कनिष्ठ यंत्री विद्युत विभाग राहुल रंजन पर 2-2 हजार रूपये जुर्माना अधिरोपित किया है।



## सुपर बिलियनेयर्स की लिस्ट में शामिल हुए अंबानी और अडाणी

मुंबई, (आरएनएस)। मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी, जेफ बेजोस, मार्क जुकरबर्ग और वॉरेन बफेट दुनिया के टॉप 24 सुपर बिलियनेयर्स में शामिल हैं. वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, जिनकी कुल संपत्ति 419.4 बिलियन डॉलर है. दुनिया भर में अरबपतियों की बढ़ती संख्या के बीच, सुपर अरबपति एक नई श्रेणी के रूप में उभरे हैं जो अति-धनवानों को बाकी लोगों से अलग पहचान दिलाते हैं।

डब्ल्यूएसजे के अनुसार, सुपर बिलियनेयर्स की कुल संपत्ति 50 बिलियन डॉलर या उससे अधिक होती है. वैश्विक संपत्ति खुफिया फर्म अल्ट्राटा के डेटा के आधार पर डब्ल्यूएसजे की सूची में शामिल 24 सुपर बिलियनेयर्स में से 16 सेंटी-बिलियनेयर्स की श्रेणी में आते हैं, जिसका मतलब है कि उनकी कुल संपत्ति कम से कम 100 बिलियन डॉलर है।

डब्ल्यूएसजे के अनुसार, टेक अरबपति एलन मस्क पृथ्वी पर सबसे अमीर व्यक्ति हैं, जिनकी संपत्ति 419.4 बिलियन डॉलर है. एलन मस्क टेस्ला, स्पेसएक्स, न्यूरालिंक और एक्स (पूर्व में ट्विटर) सहित कई अभिनव सैटेलाइट के मालिक हैं और उनका संचालन करते हैं. वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के भी मालिक हैं।

वैश्विक संपत्ति खुफिया फर्म अल्ट्राटा के विशेष डेटा के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति एक अमेरिकी परिवार की औसत कुल संपत्ति से लगभग दो मिलियन गुना अधिक है।

इस सूची में भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी भी शामिल हैं. रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 90.6 बिलियन डॉलर है, जबकि अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की कुल संपत्ति 60.6 बिलियन डॉलर है.

## देश की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक अब वायर और केबल भी बेचेगी, शेयर 4 फीसदी टूटा

मुंबई, (आरएनएस)। सीमेंट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के शेयरों में 27 फरवरी को शुरुआती कारोबार में 4 फीसदी की गिरावट आई. आदित्य बिड़ला समूह की इस प्रमुख कंपनी ने यह भी कहा कि वह 1,800 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च के साथ तार और केबल क्षेत्र में प्रवेश करेगी.

अल्ट्राटेक सीमेंट ने कहा कि वह अगले दो वर्षों में 1,800 करोड़ रुपये की लागत से गुजरात के भरूच में वायर और केबल प्लांट स्थापित करेगी. प्लांट के दिसंबर 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

सीमेंट फर्म के शेयर एनएसई पर 3.75 फीसदी की गिरावट के साथ 10,552.85 रुपये पर कारोबार कर रहे. दूसरी तरफ, केबल प्लेयर्स जैसे केईआई इंडस्ट्रीज और पॉलीकैब इंडिया के शेयरों ने क्रमश- 3,418.10 रुपये और 5,189.05 रुपये पर 10 प्रतिशत का निचला सर्किट पर पहुंच गया.अल्ट्राटेक सीमेंट ने कहा कि सीएंडडब्ल्यू सेगमेंट में प्रवेश एक व्यापक बिल्डिंग सॉल्यूशन प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने की अपनी रणनीति के अनुरूप है. फर्म ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अल्ट्राटेक अपने व्यापक विनिर्माण विशेषज्ञता का लाभ उठाने का प्रस्ताव करता है. साथ ही अंतिम ग्राहकों के साथ अपने जुड़ाव के साथ उच्च गुणवत्ता वाले तार और केबल वितरित करता है, जिससे ग्राहकों की जेब में अधिक से अधिक हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य बनता है।

## एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ने भारतीय एयरलाइन्स की अत्यधिक प्रशिक्षण फीस पर चिंता जताई



नई दिल्ली, (आरएनएस)। एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए इंडिया) ने भारतीय एयरलाइन्स की अत्यधिक प्रशिक्षण फीस पर गंभीर चिंता जताई है. एएलपीए इंडिया कहा कि यह महत्वाकांक्षी पायलटों का शोषण है. विमानन क्षेत्र में प्रशिक्षित कर्मियों की निरंतर कमी का एक कारण है. नागरिक विमानन मंत्री को लिखे एक पत्र में एएलपीए इंडिया ने प्रशिक्षु पायलटों पर लगाए गए वित्तीय बोझ को अनैतिक मुनाफाखोरी बताया है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवार के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठाना मुश्किल होता जा रहा है।

डीजीसीए के अनुसार, 2024 में 1,342 वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) जारी किए गए, जो 2023 में 1,622 के पिछले रिकॉर्ड से 17 प्रतिशत कम है. विमानन विशेषज्ञ हर्षवर्धन ने इस गिरावट के लिए एयरलाइन के पतन और सीमित नए लोगों को शामिल करने को जिम्मेदार ठहराया, उन्होंने कहा कि साल दर साल कोई पूर्ण संबंध नहीं है, क्योंकि एयरलाइंस भविष्य के विस्तार के आधार पर भर्ती की योजना बनाती हैं. जब कोई नया बेड़ा नहीं निकलता है, तो भर्ती धीमी हो जाती है. उन्होंने जोर देकर कहा कि नौकरी की उपलब्धता और बाजार की मांग पायलट लाइसेंस संख्या में उतार-चढ़ाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।


एएलपीए ने कहा कि भारतीय एयरलाइंस ने अपने एकाधिकार नियंत्रण और कार्टेलाइज्ड योजनाओं के साथ कैडेट पायलटों को उनके अधिकारों से वंचित करने की कोशिश की है. एएलपीए इंडिया के अध्यक्ष सैम थॉमस ने कहा कि एयरलाइंस ने कार्टेल बना लिया है. वे विमान ऑर्डर करने पर मिलने वाले मुफ्त प्रशिक्षण क्रेडिट से लाभ कमाना चाहते हैं. पहले, एक ऐसी व्यवस्था थी, जिसमें एयरलाइंस पायलटों को प्रशिक्षित करती थीं और प्रशिक्षण बांड निष्पादित करती थीं.हालांकि, एयरलाइन प्रशिक्षण विभागों ने बेईमान मानव संसाधन प्रभागों के साथ मिलकर इस प्रशिक्षण को अत्यधिक कीमतों पर बेचना शुरू कर दिया, जिससे पायलट कर्ज और बंधुआ मजदूरी के चक्र में फंस गए. उन्होंने आगे कहा कि भारत में वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस प्राप्त करने में 30-35 लाख रुपये का खर्च आता है, जबकि विशिष्ट विमानों के लिए टाइप रेटिंग के लिए ऊपरी छोर पर 10-15 लाख रुपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए।

## 5 पीएसयू बैंकों में सरकार की 20 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बिक सकती

नई दिल्ली,, (आरएनएस)। केंद्र सरकार पांच सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अपनी 20 फीसदी हिस्सेदारी कम करने की विस्तृत योजना पर काम कर रही है. बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह रणनीति निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम), वित्तीय सेवा विभाग और संबंधित सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सहयोग से विकसित की जा रही है.

इस कदम का उद्देश्य भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता आवश्यकता का अनुपालन करना है. रिपोर्ट के अनुसार इसे प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा हिस्सेदारी में कमी के लिए ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) और क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) विधियों के संयोजन का उपयोग करने की उम्मीद है. जिन बैंकों में हिस्सेदारी कम करने का लक्ष्य रखा गया है उनमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब एंड सिंध बैंक शामिल हैं, जिनमें सरकार की हिस्सेदारी घटाकर 75 फीसदी से नीचे लाने की योजना है.रिपोर्ट में एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि सरकार निवेश एवं सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम), वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) और सरकारी बैंकों के परामर्श से एक योजना पर काम कर रही है.25 फरवरी को यह भी बताया गया कि दीपम ने सार्वजनिक क्षेत्र के लेंडर और सूचीबद्ध सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों के लिए हिस्सेदारी बिक्री प्रक्रिया में सहायता के लिए मर्चेंट बैंकरों से बोलियां आमंत्रित की हैं.दीपम द्वारा जारी प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) के अनुसार, चयनित मर्चेंट बैंकरों को तीन साल के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा, जिसमें एक साल का विस्तार भी शामिल है. और वे इन बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए इक्विटी कमजोर पड़ने के समय और संरचना पर मार्गदर्शन देंगे।

## शेयर बाजार में सपाट कारोबार हुआ




मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को सपाट बंद हुआ। दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से आज सुबह बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत हुई पर कुछ समय बाद ही इसमें गिरावट आने लगी। इसके बाद उतार-चढ़ाव का दौर चला। इससे दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 10.31 अंकों की बढ़ोतरी के साथ ही 74,612.43 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 2.50 अंकों की गिरावट के साथ ही 22,545.05 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबारी सत्र में वित्तीय शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिली, जबकि वाहन शेयरों में भारी गिरावट रही।

आज निफ्टी के जिन शेयरों में बढ़त रही उनमें श्री राम फाइनेंस कंपनी के शेयरों पहले नंबर पर रहे। यह करीब 6 फीसदी के उछाल के साथ 606.80 रुपये के स्तर पर बंद हुआ, जबकि बजाज फिनसर्व के शेयर 2.70 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 1,926 के लेवल पर बंद हुए। इसके बाद, बजाज फाइनेंस ने 2.56 फीसदी का लाभ हासिल किया और ये 8,705 के लेवल पर बंद हुआ, जबकि सन फार्मा के शेयर 2.11 फीसदी बढ़त के साथ 1,648 के लेवल पर बंद हुए। इसके अलावा, हिंडाल्को के शेयर 2.02 फीसदी मजबूत होकर 631.95 के स्तर पर बंद हुए।

दूसरी ओर सबसे अधिक नुकसान अल्ट्रा टेक सीमेंट के शेयरों को हुआ। इसमें बिकवाली हावी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर 4.72 फीसदी टूटकर 10,448 के लेवल पर बंद हुए, जबकि टाटा ग्रुप की ट्रेंट ने 3.12 फीसदी की गिरावट दर्ज की और इसके शेयर 4,805 के लेवल पर बंद हुआ।

वहीं बजाज ऑटों के शेयरों में 2.2 फीसदी की गिरावट रही और ये 8,232 के स्तर पर बंद हुए, जबकि टाटा मोटर्स के शेयर 1.98 फीसदी की कमजोरी के साथ 648.55 के लेवल पर बंद हुए। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 1.85 फीसदी की गिरावट आई है और ये 2,727 के स्तर पर बंद हुए।आज बैंकिंग स्टॉक में अच्छी तेजी के कारण् बैंक निफ्टी इंडेक्स 0.28 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ ही 48,744 के लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी फॉर्मा 0.24 फीसदी की गिरावट के साथ 20,201 के लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.47 फीसदी टूटकर 38,947 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी एफएमसीजी 0.76 फीसदी फिसलकर 52,055 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी ऑटो 1.51 फीसदी गिरावट के साथ ही 21,335 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 104 अंक चढ़कर 74,706 अंक पर खुला। एनएसई निफ्टी50 भी मजबूत के साथ 22,568 अंक पर खुला।

## भारतीय के टैबलेट बाजार में बड़ा उछाल

नई दिल्ली (ए)। भारतीय के टैबलेट बाजार में एक बड़ा उछाल देखा गया है, जहां साल 2024 में 42.8 परसेंट की ग्रोथ दर्ज की है। यह जानकारी इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन (आईडीसी) की ताजा रिपोर्ट में दी है। भारतीय बाजार में डिटेचेबल और स्लेट टैबलेट दोनों को पसंद किया जा रहा है। भारतीय बाजार में करीब 5.73 मिलियन यूनिट्स टैबलेट को शिप किया गया है। बताते चलें कि स्मार्टफोन की तुलना में टैबलेट पर ज्यादा बड़ी स्क्रीन मिलती है, जिसकी वजह से इसे शिक्षा और कमर्शियल सेक्टर में काफी यूज किया जाता है। रिपोर्ट में बताया है कि डिटेचेबल टैबलेट की कैटेगरी में 30 परसेंट की ग्रोथ दर्ज की है, जबकि स्लेट टैबलेट में 47.2 परसेंट की जबरदस्त ग्रोथ दर्ज की है। हालांकि कुछ सरकारी डील में देरी के कारण 2024 के चौथी तिमाही में 17 परसेंट की गिरावट होने के बाद भी कुल मिलाकार बाजार का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## एशिया के कई देशों को रेसीप्रोफल ट्रेरिफ से नुकसान

अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने आगाह किया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क (रेसीप्रोकल टैरिफ) से जो देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे, उनमें भारत भी है। एसएंडपी की आकलन रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो ट्रंप प्रशासन के इस कदम से सारी दुनिया प्रभावित होगी, लेकिन एशिया- प्रशांत क्षेत्र के देशों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। वियतनाम, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका से अधिक जुड़ी हुई हैं। भारत और जापान की घरेलू अर्थव्यवस्थाएं अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में हैं, इससे ये दोनों एक हद तक ट्रंप के टैरिफ की मार को झेल जाएंगे। मगर दोनों देशों के लिए अमेरिका वह स्थल है, जहां उनके निर्यात की बड़ी मात्रा जाती है। एसएंडपी की आकलन रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो ट्रंप प्रशासन के इस कदम से सारी दुनिया प्रभावित होगी, लेकिन एशिया- प्रशांत क्षेत्र के देशों को इससे सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है। इन देशों में भारत भी एक है। आशंका है कि इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तु एवं सेवाएं महंगी हो जाएंगी, नतीजतन इनका उपभोग वहां घट सकता है। इससे निर्यात में गिरावट आएगी। डब्लूटीओ नियमों के तहत विकासशील देश होने के नाते भारतीय निर्यात को विशेष सुविधा मिली रही है। मगर ट्रंप किसी अंतरराष्ट्रीय नियम को नहीं मानते। बहरहाल, यह सिर्फ अफसोस करने का मुद्दा नहीं है। बल्कि यह एक अवसर भी हो सकता है, अगर सबक लेते हुए अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी जाए। क्या भारत सरकार और यहां के निजी क्षेत्र में ऐसा करने की बौद्धिक क्षमता एवं साहस है? जिन चंद बड़े देशों के साथ कारोबार में भारत व्यापार लाभ की स्थिति में है, उनमें अमेरिका प्रमुख है। वरना, चीन और रूस जैसे देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़ता चला गया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक इस वित्त वर्ष में फरवरी तक चीन से भारत 101 बिलियन डॉलर का आयात कर चुका होगा, जबकि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक भारत से चीन को हुआ कल निर्यात 14.85 बिलियन डॉलर का ही था। साल भर पहले से तुलना करें, तो इसमें डेढ़ बिलियन डॉलर से भी कम की बढ़ोतरी हुई। ऐसे में अमेरिकी बाजार से होने वाले व्यापार लाभ का भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान है। अब ट्रंप ने समान मात्रा में आयात शुल्क लगाने का फैसला कर इस लाभ को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाया है।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर से मुलाकात की.

# श्रद्धालुओं की आस्था का राजनैतिक दोहन : राम तेरी गंगा मैली हो गई, पापियों के पाप ढोते-ढोते

**संजय पराते**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि गंगा की जिस पवित्रता का वर्णन हमारे धार्मिक ग्रंथों में किया गया है, महाकुंभ की गंगा अब पवित्र नहीं रह गई है। बोर्ड की रिपोर्ट में बताया गया है कि संगम घाट पर मल से उत्पन्न कोलीफॉर्म की मात्रा प्रति 100 मिलीलीटर पानी में 12,500 मिलियन और शास्त्री पुल पर वह प्रति 100 मिलीलीटर पानी में 10,150 है, जो निर्धारित मात्रा 2000 मिलियन से 5-6 गुना ज्यादा है। जिस पानी के पीने योग्य होने का दावा मोदी योगी की सरकार कर रही है, वह पीने तो क्या, नहाने योग्य भी नहीं है। बोर्ड की इस रिपोर्ट पर नेशनल ग्रीन टिब्यूनल ने भी अपनी मुहर लगा दी है और ये दोनों एजेंसियां सरकारी एजेंसियां ही हैं। जब भी कुंभ की व्यवस्था और प्रबंधन पर सवाल उठे हैं, सरकार ने ऐसे सवाल उठने वालों को हिंदुत्व विरोधी, सनातन विरोधी, धार्मिक आस्थाओं पर हमला करने वाले ... और न जाने क्या क्या कहा है! अब मोदी-योगी सरकार को यह बताना चाहिए कि ये दोनों सरकारी निकाय क्या हिंदुत्व विरोधी और सनातन विरोधी हैं?

इस महाकुंभ के आयोजन पर घोषित रूप से 7,300 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। अघोषित रूप से भी लगभग इतनी है। तो यह सवाल पूछा ही जाना चाहिए कि क्या यह राशि इतनी कम है कि तीर्थ यात्रियों को नहाने और पीने के लिए स्वच्छ पानी भी उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है? उल्लेखनीय है कि हमारे विज्ञान और तकनीक केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने यह दावा किया था कि 'पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए' भारत के नाभिकीय अनुसंधान केन्द्रों द्वारा प्रयोग में लायी जा रही तकनीक का भी यहां इस्तेमाल करते हुए फिल्टरेशन प्लांट लगाए हैं। तो फिर ये तकनीक और प्लांट कहां गायब हो गए और लोगों को मल-प्रदूषित पानी में डुबकियां लगाकर पुण्य क्यों कमाना पड़ रहा है?

यह भी नहीं भूलना चाहिए कि वर्ष 2014 से मोदी सरकार द्वारा शुरू की गयी नमामि गंगे परियोजना में, विगत एक दशक में हजारों करोड़



रुपए खर्च किए गए हैं। गंगा शुद्धिकरण का काम भी कॉरपोरेट घरानों को ही सौंपा गया है, जिसके बारे में भाजपा-आरएसएस का सामान्य दृष्टिकोण यही है कि सरकारी क्षेत्र से निजी क्षेत्र कहीं ज्यादा बेहतर तरीके से काम करते हैं और संभव हो, तो सरकार चलाने का ठेका भी सीधे इन्हीं लोगों को सौंप दिया जाना चाहिए, (वैसे अप्रत्यक्ष रूप से अभी भी सरकार ठेके पर ही चल रही है!)। तब दस सालों में भी गंगा साफ क्यों नहीं हो पाई और परियोजना की हजारों करोड़ की राशि कहां गायब हो गई?

सरकार का यह दावा अतिशयोक्तिपूर्ण है कि महाकुंभ में 35 करोड़ लोग पहुंचे हैं। लेकिन इतना तो सही है कि इस कुंभ का भी जिस प्रकार नफरत फैलाने और ध्रुवीकरण करने की राजनीति के लिए उपयोग किया गया है, यदि सरकारी दावे के आधा, 15 करोड़ भी इस कुंभ में पहुंचे हों, तो सरकारी खर्च प्रति व्यक्ति औसतन 500 रूपये बैठता है और किसी भी तीर्थ यात्री को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए यह राशि कम नहीं होती। कहीं ऐसा तो नहीं कि महाकुंभ में 50 करोड़ तीर्थयात्रियों के पहुंचने का दावा, जिसकी किसी भी तरह से पुष्टि नहीं होती, इस भारी भरकम आबंटन में सेंधमारी करने की सुनियोजित साजिश है? ऐसा नहीं है कि गंगा के इस भीषण प्रदूषण की जानकारी राजनेताओं, सरकार और उसके अधिकारियों की नहीं थी। यदि ऐसा होता, तो प्रधानमंत्री एक साधारण तीर्थ यात्री की तरह डुबकी लगाते नजर आते, न कि विशेष सूट-बूट पहनकर। डुबकी लगाने में उनकी कायरता टीवी चैनलों पर साफ दिख रही थी कि सिर पानी में ही नहीं डूब रहा था! लेकिन सवाल दिल्ली और यूपी के चुनावों को अपनी डुबकी से प्रभावित करने का था, सो उन्होंने किया। प्रधानमंत्री की इस अर्थपूर्ण डुबकी का राष्ट्रपति सहित भाजपा-संघ के अन्य नेताओं ने भी इसी तरह अनुसरण किया। आम जनता की धार्मिक आस्थाओं का राजनैतिक दोहन करने के लिए संघ-भाजपा ने उन्हें नरक के कुंभ में भी डुबाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, क्योंकि श्रद्धालुओं की हर डुबकी से उनके पेट में कोलीफॉर्म (वास्तव में मल) के कुछ कीटाणु उनके पेट में जा रहे हैं, वरना इस वैज्ञानिक युग में पीने और नहाने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था करना कोई मुश्किल काम नहीं है। आखिरकार, किसी भी मेले में स्वच्छता का प्रबंध करना सरकार का प्राथमिक दायित्व होता है, जिसे पूरा करने में मोदी की केंद्र सरकार और योगी की राज्य सरकार, दोनों विफल रही है। अपनी इस विफलता को छिपाने के लिए वह दो काम कर रही है। पहला, संघ-भाजपा का आईटी सेल इस अवैज्ञानिक तर्क का प्रचार कर रहा है कि गंगा के पानी में अपने-आपको शुद्ध करने की क्षमता है। यदि ऐसा ही है, तो फिर नमामि गंगे परियोजना पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाता है। दूसरा, किसी अंजान विशेषज्ञ, जिसकी विद्वत्ता के बारे में किसी को कुछ नहीं मालूम, के अनुसंधान के हवाले से गंगा के पानी के कीटाणु रहित और शुद्ध होने का सर्टिफिकेट बांटा जा रहा है और अपनी ही सरकारी संस्था केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट पर प्रश्नचिन्ह लगाया जा रहा है। क्या मोदी-योगी की सरकार ने आम जनता की धार्मिक आस्थाओं के साथ खिलवाड़ करने के साथ ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नेशनल ग्रीन टिब्यूनल जैसी विशेषज्ञ संस्थाओं के खिलाफ भी युद्ध छेड़ने का फैसला कर लिया है?

# ललचाई नजरों से मांसाहार के लिए आतुर

**रजनीश कपूर**

***आप सभी के भी ऐसे दोस्त व रिश्तेदार होंगे जो किसी शादी या नये साल के दावत में चिकन-मटन न मिलने पर ऐसा कहते हों, क्या घास-कूड़ा खिला दिया।' औसत दर्जे के लोग बटर चिकन, कढ़ाई चिकन, बोनलेस चिकन, चिकन कोफ्ता, मुर्गा दो प्याजा या मटन की तमाम किस्में खाते हैं। वरना भुना मुर्गा लार टपका कर निगल जाते हैं। जो जरा ज्यादा फैशनेबल हैं उनको सुबह नाश्ते में सासेज, सलामी आदि खाने की आदत पड़ जाती है, लंच में चिकन, लैम्ब सूप या प्रॉन (झींगा) वगैरह। डिनर में लॉबस्टर, फिश या कोई और चीनी या समुद्री खाना।***

भारत के सभी महानगरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों में यह देखकर आश्चर्य होता है कि किस ललचाई नजरों से लोग मांसाहार के लिए आतुर रहते हैं। जिनके पास साधन हैं वो यह सारी वस्तुएं आयातित मांस से पकाते हैं या पांच सितारा होटलों में ही खाते हैं। वरना दिल्ली के कनॉट पैलेस व अन्य इलाकों में कई रेस्टोरेंट व ढाबे हर शहर और राजमार्ग पर बिखरे पड़े हैं जहां सलाखों में मुगरे की मसाला लगी टांगे टंगी रहती हैं। पर अब जरा दूसरी तरफ देखिए अगर आप देश के बहुत ही संपन्न लोगों की संगति में बैठे हों तो आप पाएंगे कि बहुत से बड़े लोग मांसाहार छोड़ते जा रहे हैं। और तो और अमेरिका और यूरोप के देश जहां दस वर्ष पहले तक शाकाहार का नाम तक नहीं जानते थे, लेकिन आज काफी तादाद में मांसाहार पूरी तरह छोड़ चुके हैं। जानते हैं क्यों? पहली बात तो यह कि मानव शरीर शाकाहार के लिए बना है मांसाहार के लिए नहीं।

यह बात हम अपनी तुलना शाकाहारी और मांसाहारी पशुओं से करने पर समझ सकते हैं। शेर, कुत्ता, घडियाल व भेडिया मांसाहारी हैं। गाय, बकरी, बंदर व खरगोश शाकाहारी हैं। मांसाहारी पशुओं को कुदरत ने दोनों जबड़ों में तेज नुकीले कीलनुमा दांत और खतरनाक पंजे दिए हैं। पर गाय और बंदर की ही तरह मानव को कुदरत ने ऐसे दांतों और पंजों से वंचित रखा है, क्यों? मांसाहारी पशु जैसे कुत्ता जीभ से पसीना टपकाता है। इसलिए हांफता रहता है। शाकाहारी पशुओं और मानव के बदन से पसीना टपकता है। मांसाहारी पशुओं की आंतें काफी छोटी होती है ताकि मांस जल्दी ही पखाने के रास्ते बाहर निकल जाए जबकि शाकाहारी जानवरों और मानव की आंतें अनुपात में तीन गुनी बड़ी और ज्यादा घुमावदार होती है ताकि अन्न, फल, सब्जियों का रसा अच्छी तरह सोख ले। यदि आप मांसाहारी है तो आपने नोट किया होगा कि फ्रिज के निचले खाने में इतनी ठंडक होने के बावजूद मांस कुछ ही घंटों में सडने लगता है।

फिर मानव शरीर की गर्मी में मांस के आंत में अटक-अटक चलने में इसकी क्या गति होती होगी, कभी सोचा आपने ? आपने कभी सड़क पर कुचला कुत्ता देखा है कितनी सी देर में उसमें से बदबू आने लगती है तो क्या हमारी आंत में पड़ा मांस तरोताजा बना रहता है। वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि मांसाहारी पशुओं के आमाशय में जो तेजाब रिसता है वह शाकाहारी पशुओं और मानव के आमाशय में रिसने वाले तेजाब से बीस गुना ज्यादा तीखा होता है, ताकि मांस जल्दी गला सके। ऐसे तेजाब के अभाव में हमारे आमाशय में पड़े मांस की क्या हालत होती होगी? भारत जैसे देश में, बहुसंख्यक आबादी किसी न किसी रोग से ग्रस्त है। हमारे शरीर में तरह-तरह की बीमारियां पल रही हैं, तो जो जानवर काटे जा रहे हैं उनके वातावरण, भोजन और रखरखाव में जो नर्क से बदतर जिंदगी होती है, उससे कैसा मांस आप तक पहुंचता है? फिर आप तो जानते हैं कि भारत में कितना भ्रष्टाचार है। जिन भी इंस्पेक्टरों की ड्यूटी कसाईखानों में लगी होती है उनसे क्या आप राजा हरिशचंद्र होने की उम्मीद कर सकते हैं? या वक्त के साथ चलने वाला होशियार आदमी।

कई बरस पहले दिल्ली के पांच सितारा होटल में पोषण विशेषज्ञों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ था। वहां दोपहर के भोजन के समय शोर मच गया। दुनिया भर से आए पोषण विशेषज्ञ डाक्टरों ने कहा कि लंच में जो मुर्गे परोसे गए वे सड़े हुए हैं। होटल के महाप्रबंधक तक खबर पहुंची। फौरन दौड़े-दौड़े बैंक्वट हॉल में आए। आयोजकों से माफी मांगी। सरकारी नौकरी चले जाने का हवाला देकर खुशामद की। समझौता हुआ कि लंच का जो बीस-तीस हजार रुपये का बिल बना था वो माफ हो जाएगा। तभी होटल वालों को पता चला कि वहां डाक्टरों की भीड़ में एक संवाददाता भी मौजूद था। घबराए हुए वे उस पत्रकार के पास आए और गिडिग़ड़ा कर कहने लगे कि ये खबर मत छापिएगा। लालच देने लगे कि आपके शादी में पचास फीसद बिल माफ कर देंगे। जब उसी पत्रकार ने इस पर तहकीकात की तो पता चला कि आमतौर पर कमीशन के चक्कर में सबसे सड़े, बासी और बेकार मुर्गे वहां और कई बड़े होटलों में खरीदे जाते हैं। कुछ समय बाद खबर छपी। पोषण विशेषज्ञों को पांच सितारा होटल ने सड़े मुर्गे परोसे।' यह दिल्ली के एक प्रतिष्ठित पांच सितारा होटल की कहानी है तो बाकी की बात आप खुद ही समझ लीजिए।

# आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका ट्रांसफर मनपसंद जगह पर हो सकता है। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बनी हुई है। परिवार के लोगों में समझ बढ़ेगी। आज आपके घर पर रिश्तेदार आ सकते हैं। घर में अच्छा माहौल बना रहेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके सराहनीय काम का सम्मान किया जाएगा। काम में आपका कॉन्फिडेंस आपको सफलता दिला सकता है। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा। आज आपका मन पूजा पाठ में लगेगा, किसी धर्म स्थल पर भी जा सकते हैं।

मिथुन राशि- आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए बदलाव लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आज आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं। आज आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में एक दूसरे पर विश्वास बनाये रखें, रिश्ता मजबूत बना रहेगा। आज आप बिजनेस मीटिंग अटेंड करने दूसरे शहर जा सकते हैं। मीटिंग आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में नयापन लाने के लिए जीवनसाथी को कहीं घुमाने ले जाएंगे। आज आप किसी पूरानी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आप खुद पर विश्वास बनाये रखें, जिससे मुश्किल परिस्थिति का डटकर सामना कर सकें। लवमेट से आज सरप्राइज मिलने से, पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला राशि- आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से संबंधित आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। आज आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे। जिससे आपकी सेहत फिट और फाइन रहेगी। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज अच्छा फायदा होगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा, आपकी एक गलत बात बनते हुए कार्यों में समस्या ला सकती है।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी?। मास कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा। आप किसी क्राफ्ट एग्जीबिशन में मित्रों के साथ जा सकते हैं। आज आप अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखें।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे। आज आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। आज आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते है लेकिन अपनों का साथ आपको सही दिशा में ले जाएगा।

मकर राशि-आज का दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियाँ लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। छात्र अपनी पढ़ाई में नए बदलाव करेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को आज कार्यों को समय पर पूरा करना अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचा हुआ काम, आज पूरा हो जाएगा। बिजनेस साझेदार के साथ मिलकर किए गए कार्यों से आज आपको फायदा होगा। आज समाज में आपको मान-सम्मान मिलेगा। अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप सीजनल फरूट शामिल करेंगे। आज परिवारजनों के आपसी सामजस्य द्वारा घर के किसी समस्या का समाधान निकलेगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले से राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट अच्छा होगा। आपके अन्दर कॉन्फिडेंस बना रहेगा, उत्साह के साथ कार्यों को करेंगे तो अवश्य पूरा होगा।

### मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी के जन्मदिवस पर विशेष

# न रुकने का, न थकने का सिर्फ चलते रहने का नाम है दिग्विजय सिंह

**योगेन्द्र सिंह परिहार**

लोग स्वेच्छा से अपने जीवन के लक्ष्य तय करते हैं कि उन्हें किस रास्ते पर जाना है।रास्ते कोई भी हों, बिना मेहनत के किसी को भी सफलता नहीं मिलती। खेती करना, नौकरी करना, व्यवसाय करना, जन सेवा करना ये सभी रास्ते कठिनाई से भरे होते हैं। सार्वजनिक जीवन में आना भी कोई चुनौती से कम नहीं होता। कहने को जनप्रतिनिधि एक छोटा सा शब्द है लेकिन अपने व्यक्तिगत जीवन को तिलांजलि देकर, पूरे घर परिवार के सुख को ताक में रखकर जीने का नाम जनसेवक है।

जनता से जुड़े रहने वाले जनप्रतिनिधि की जब भी बात होती है तो मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह जी का नाम अपने आप ज़हन में आ जाता है। दिग्विजय सिंह जी जब पहली बार 1969 में राघौगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष के रूप में जनप्रतिनिधि बने तब उन्होंने स्वयं भी नहीं सोचा होगा कि वे जनता की सेवा करते-करते इतने आगे निकल आएंगे। दिग्विजय सिंह जी राजघराने से थे, सुख संपत्ति सब उनके क़दमों में थी लेकिन उन्होंने अपना सुख त्याग कर, दूसरों की सेवा करने को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। दिग्विजय सिंह जी का पूरा जीवन महात्मा गाँधी जी के जीवन से प्रेरित है। महात्मा गाँधी जी ने अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के उद्देश्य से देश के नागरिकों को एक जुट करने के लिए पूरे देश में बड़ी-बड़ी यात्राएँ की। ट्रैन से और पैदल उन्होंने पूरे देश की सड़कों को नाप दिया था। गांधी जी ढलती उम्र तक चलते रहे कभी नहीं रुके। ठीक वैसे ही दिग्विजय सिंह जी जब अविभाजित मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने तो उन्होंने पूरे प्रदेश के एक-एक ब्लॉक में सघन दौरे किये। चर्चा में आता है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के तौर पर वे एक टाटा स्टेट गाडी से प्रदेश के कोने-कोने तक दौरे करते थे। वे भोपाल से 850 किमी दूर छत्तीसगढ़ के बस्तर के लिए दौरे पर निकल जाते थे। रास्ते में किसी भी शहर, किसी भी गाँव, किसी भी बस्ती में किसी के भी घर रात गुज़ार लेते थे। उनकी गाडी में ही पूरा बोरिया-बिस्तर होता था। उनकी पूरी राजनीति उनके पंच सिद्धांतों पर शुरू से ही केंद्रित रही संपर्क, संवाद, समन्वय, सामंजस्य और सकारात्मक सोच। इन्ही सिद्धांतों पर चलकर अथक मेहनत के परिणाम स्वरुप मध्यप्रदेश में 1993 में कांग्रेस की सरकार बनी और वे सरकार के मुखिया।



सरकार बनाने के बाद भी दिग्विजय सिंह जी चलते रहे, ट्रैन से, कार से और हैलीकॉप्टर से पूरे प्रदेश के सघन दौरे किये। उनका हैलीकॉप्टर कभी भी किसी भी खेत में उतर जाता था अचानक बिना किसी सूचना के। ये उनकी मुख्यमंत्री के रूप में जुदा कार्यशैली थी, ऐसा करके वे ग्रामीण क्षेत्रों के वास्तविक हालात जानने का प्रयास करते थे। हरदा के गुलाब सिंह बताते हैं कि एक बार उनके खेत में मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी का हैलीकॉप्टर उतरा था जब वे घोड़े पर सवार होकर खेत का भ्रमण कर रहे थे तब सीएम ने गुलाब सिंह के खेत में बने घर में खाना खाया था। इसी तरह स्वयं दिग्विजय सिंह जी ने बताया कि एक बार उन्होंने बालाघाट के नक्सली क्षेत्र के जंगल में हैलीकॉप्टर उतरवा दिया था पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देकर उन्हें वहां कहीं भी रुकने से मना कर दिया था तब भी उन्होंने मुख्यमंत्री रहते एक पुलिस चौकी में रात गुज़ारी थी।

दिग्विजय सिंह जी की कार्यशैली में कभी भी पद या प्रतिष्ठा का अभिमान नहीं दिखाई दिया। उनके मंत्रिमंडल में सहयोगी रहे सुभाष सोजतिया जी बताते हैं कि उन दिनों जब वे मुख्यमंत्री थे तब वे पानी को लेकर खूब सारे कार्यक्रम चलाते थे जिसमें तालाबों और स्टॉप डेमों के गहरीकरण के कार्य भी होते थे तब दिग्विजय सिंह जी चिलचिलाती धूप में सिर पर गमछा बाँध कर उन जगहों पर पहुँच जाते थे जहाँ गहरीकरण का कार्य चलता था। उनकी कार्यप्रणाली से लगता ही नहीं था कि वे प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। वे मुख्यमंत्री की कुर्सी को जन सेवा का एक माध्यम मात्र ही मानते थे।

दिग्विजय सिंह जी ने 2017 में 3300 किमी की पैदल नर्मदा परिक्रमा की तब भी उनकी ज़िद थी कि वे नर्मदा जी के किनारे पर ही पैदल चलेंगे। परिक्रमा के दौरान लोग नदी से दूर सड़कों पर चलते हैं लेकिन उनकी ज़िद थी कि वे परिक्रमा करते वक़्त नर्मदा जी को ओझल होते नहीं देखना चाहते इसीलिए वे उनके दर्शन करते हुए ही परिक्रमा करेंगे जिसके लिए नर्मदा जी के किनारे पर रहने वाले ग्रामीणों ने उनके लिए कई जगहों पर कच्चे रास्तों का निर्माण किया। 6 महीने चली उस परिक्रमा में भी शैली वही थी सुख सुविधाएँ त्याग कर नर्मदा जी के किनारों पर ही उन्होंने रात्रि विश्राम किया। उस दौरान पहली बार जनता ने एक बड़े नेता को इस तरह कठिन तपस्या करते नज़दीक से देखा।

2022 में जब राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो पद यात्रा की तो दिग्विजय सिंह जी के अनुभव के आधार पर उन्हें यात्रा का राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया और उन्होंने बखूबी उस यात्रा को पूरा कराया। इस यात्रा में दिग्विजय सिंह जी ने खूब मेहनत की। यात्रा से पहले रुट का निरिक्षण, रुकने और भोजन की व्यवस्था बहुत कठिन कार्य था जिसे उन्होंने कुशलता के साथ सम्पन्न कराया। कार्यशैली यहाँ भी वही थी अपनी सुविधा उन्होंने हमेशा किनारे रखी। एक बार यात्रा के दौरान बुरहानपुर में दिग्विजय सिंह जी ने एक अतिविशिष्ट व्यक्ति के लिए अपने उस कंटेनर को छोड़ दिया था जिसमें वे रात्रि विश्राम करते थे। उसके बाद उनके रुकने के लिए जब बुरहानपुर की शुगर मिल के गेस्ट हाउस में उनकी व्यवस्था कराई गई तो उन्होंने वहां रुकने से मना कर दिया और कहा मेरे रुकने की व्यवस्था आगे किसी गाँव में किसी के भी घर में कर दो तब एक गाँव में विश्वकर्मा परिवार ने उन्हें रुकने की जगह दी जो वहां के एक आम नागरिक थे और जिनका कांग्रेस से या कहें कि राजनीती से ही दूर दूर तक कोई वास्ता नहीं था। अचानक किसी के घर रात्रि रुकने का उनका तरीका हर खास और आम को जोड़ने का अचूक फार्मूला है। वर्तमान समय में कांग्रेस संघर्ष के दौर से गुजर रही है। लगातार सत्ता से बाहर रहने और हर राज्यों में लगातार होती हार की वज़ह से संघर्ष का रास्ता अपनाना हर किसी के लिए आसान नहीं है। ऐसे संघर्ष के दौर में भी दिग्विजय सिंह जी पूरे देश में दौरे करते नज़र आ रहे हैं। न रुकने का, न थकने का सिर्फ चलते रहने का नाम दिग्विजय सिंह है। उन्होंने वर्ष 2025 के जनवरी और फरवरी माह में ही अब तक पूरे देश में 18 हज़ार किलोमीटर की यात्राएँ कर डाली।



## महाकुंभ के बाद सफाई अभियान में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सामने आई तस्वीरें

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के समापन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने मंत्रियों के साथ सफाई अभियान में जुट गए हैं।

गुरुवार को महाकुंभ समापन समारोह में पहुंचे योगी ने सबसे पहले मेला क्षेत्र में झाडू लगाकर सफाई की और कूड़े को हटाया। इसके बाद उन्होंने अरैल घाट पर पहुंचकर गंदगी को हटाया।

इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी मौजूद थे। उन्होंने सभी के साथ अरैल घाट पर पूजा-अर्चना भी की।मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर से प्रयागराज हेलीकॉप्टर से पहुंचे थे। उनका हेलीकॉप्टर दिल्ली पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में उतरा था। यहां उनके स्वागत के लिए उपमुख्यमंत्री मौजूद थे।मुख्यमंत्री योगी प्रयागराज में 11 जनवरी से 26 फरवरी तक चले महाकुंभ मेले को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों, अधिकारियों और संस्थाओं का सम्मान करेंगे।बता दें कि 45 दिन के मेले में करीब 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी समापन पर अपने विचार साझा किए हैं।

## पुणे बस दुष्कर्म केसः संदिग्ध की तस्वीर जारी, पुलिस ने 1 लाख रुपये का इनाम घोषित किया

पुणे (आरएनएस)। पुणे पुलिस ने 26 वर्षीय महिला के साथ एक एमएसआरटीसी बस में बलात्कार करने के आरोपी को पकड़ने में मदद के लिए सूचना देने वाले को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है. यह घटना मंगलवार को सुबह पुणे के स्वारगेट बस स्टेशन पर हुई. महिला फलटण जा रही बस का इंतजार कर रही थी जब एक आदमी उसके पास आया और उसे एक खाली बस में ले गया. महिला के अनुसार आदमी ने बस में उसका बलात्कार किया और फिर भाग गया. पुलिस ने आरोपी का फोटो जारी किया है।

पुलिस अपराधी की तलाश कर रही है जिसके खिलाफ पहले से ही कई अपराध के मामले दर्ज हैं. वह 2019 से जमानत पर है. पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि पुलिस इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है, और वे यह सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ कर रहे हैं कि आरोपी को गिरफ्तार किया जाए. उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अगर उनके पास कोई भी जानकारी हो तो वे पुलिस से संपर्क करें जो आरोपी को पकड़ने में मदद करे।

इस मामले पर टिप्पणी करते हुए, पुलिस उपायुक्त स्मार्टाना पाटिल ने कहा, आरोपी दत्ता गाडे को पकड़ने के लिए 13 टीमें काम कर रही हैं. रेलवे स्टेशनों और बस स्टेशनों पर उसकी तलाश की जा रही है. बुधवार को उसके कई रिश्तेदारों से पूछताछ की गई. उसकी गिरफ्तारी की सूचना देने वाले को एक लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा. इस संबंध में बुधवार को आरटीओ अधिकारियों से भी मुलाकात की गई. हमें पीड़ित लड़की की मेडिकल रिपोर्ट भी मिल गई है, लेकिन इस बारे में बात करना उचित नहीं है.पीड़िता की मेडिकल जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और इस बात की पुष्टि करती है कि यौन उत्पीड़न हुआ था. ससून अस्पताल ने बुधवार शाम पुलिस को मेडिकल रिपोर्ट सौंपी. रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि आरोपी दत्ता गाडे ने पीड़िता के साथ दो बार बलात्कार किया।

## जीएसटी, सीमा शुल्क मामलों में प्राथमिकी न होने पर भी अग्रिम जमानत मांग सकता है व्यक्तिः न्यायालय

नई दिल्ली,(आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम और सीमा शुल्क कानून पर लागू होता है और व्यक्ति प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर भी गिरफ्तारी से पहले जमानत के लिए अदालतों का रुख कर सकता है।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सीमा शुल्क अधिनियम, जीएसटी अधिनियम में दंड प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पिछले साल 16 मई को फैसला सुरक्षित रखा था. याचिकाओं में कहा गया है कि ये प्रावधान दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और संविधान के अनुरूप नहीं हैं.प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया सहिंता (सीआरपीसी) और उसके बाद बने कानून-भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधान अग्रिम जमानत जैसे मुद्दों पर सीमा शुल्क और जीएसटी अधिनियमों के तहत भी आरोपी पर लागू होंगे.अदालत ने कहा कि जीएसटी और सीमा शुल्क अधिनियमों के तहत संभावित गिरफ्तारी का सामना करने वाले व्यक्ति प्राथमिकी दर्ज होने से पहले भी अग्रिम जमानत का अनुरोध करने के हकदार हैं. विस्तृत फैसले का इंतजार है. इस मामले में मुख्य याचिका राधिका अग्रवाल ने 2018 में दायर की थी.अदालत ने जीएसटी अधिनियम की धारा 69 (गिरफ्तारी की शक्ति से निपटने) में अस्पष्टता के बारे में भी चिंता व्यक्त की और कहा कि यदि आवश्यक हो तो यह स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए कानून की व्याख्या करेगा, लेकिन नागरिकों को परेशान नहीं होने देगा।

# जम्मू-कश्मीर के राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास आतंकवाद विरोधी अभियान जारी

जम्मू(आरएनएस)। सुरक्षा बलों ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास नए इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान बढ़ा दिया. पिछले दिन सेना के वाहन पर गोलीबारी करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के बावत ये प्रयास किया जा रहा है.रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा एक संदिग्ध फ्रीक्वेंसी वायरलेस सेट पकड़े जाने के बाद कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दयालचक में भी एक नया अभियान शुरू किया गया.सुंदरबनी सेक्टर के फाल गांव के निकट बुधवार को वन क्षेत्र में छिपे संदिग्ध आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की, जिसके बाद सेना और पुलिस ने व्यापक तलाशी अभियान चलाया. रिपोर्ट के अनुसार फाल में तलाशी अभियान जारी है और छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए आज सुबह इसे नए क्षेत्रों तक बढ़ा दिया गया. उन्होंने बताया कि अभी तक



आतंकवादियों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है. उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल घने जंगलों में आतंकवादियों की तलाश के लिए नवीनतम तकनीक, ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं.एक्स पर गुरुवार को एक पोस्ट में सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने कहा, कल (बुधवार) को अखनूर के सुंदरबनी में आतंकवादियों ने भारतीय सेना के काफिले पर गोलीबारी की. गोलीबारी अप्रभावी थी और हमारे अपने सैनिकों ने करारा जवाब दिया. इसमें लिखा गया, कुछ सोशल मीडिया हैंडल अपने ही सैनिकों के हताहत होने का झूठा दावा कर रहे हैं. यह गलत और जानबूझकर फैलाई गई गलत सूचना है. अपराधियों को पकड़ने के लिए फिलहाल तलाशी अभियान जारी है.सुरक्षा बलों द्वारा एक संदिग्ध फ्रीक्वेंसी वायरलेस सेट पकड़े जाने के बाद हीरानगर सेक्टर के गुराह बलदरा और दयालचक के आसपास के गांवों में आतंकवाद विरोधी अभियान भी शुरू किया गया. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कठुआ शोभित सक्सेना और सेना और सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने वायरलेस इंटरसेप्शन के बाद पुलिस स्टेशन हीरानगर में एक संयुक्त बैठक की. अधिकारियों ने कहा कि तलाशी अभियान चल रहा है, जबकि विभिन्न मार्गों पर विशेष जांच दल स्थापित किए गए हैं।



बारामूला में बर्फबारी के दौरान एक घर के सामने खड़ी कार.

## पीएम मोदी ने महाकुंभ को बताया एकता का महायज्ञ, सीएम योगी ने जताया आभार

लखनऊ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के समापन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लेख लिखकर इसे देश की एकता का महाकुंभ बताया। इसके बाद सीएम योगी ने पीएम का आभार जताया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में सीएम योगी ने कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री जी, यह आपके यशस्वी मार्गदर्शन का ही सुफल है कि एकता, समता, समरसता का महायज्ञ महाकुंभ-2025, प्रयागराज भव्यता-दिव्यता के साथ सुरक्षा-स्वच्छता-सुव्यवस्था के नवीन मानक गढ़कर आज संपन्न हो गया है। विगत 45 पुण्य दिवसों में पूज्य साधु-संतों समेत 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर कृतार्थ हुए हैं। सकल विश्व को सभी जन एक हैं का अमृत संदेश देने वाला यह मानवता का महोत्सव वसुधैव कुटुंबकम के पुण्य भाव के साथ संपूर्ण विश्व को एकता के सूत्र में पिरो रहा है।



आपका मार्गदर्शन एवं शुभेच्छाएं हम सभी को सदैव नई ऊर्जा प्रदान करती हैं, हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी! हर हर-गंगे, भगवान बेनी माधव की जय!

पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा , महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में पूरे 45 दिनों तक जिस प्रकार 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ी, वो अभिभूत करता है! महाकुंभ के पूर्ण होने पर जो विचार मन में आए, उन्हें मैंने कलमबद्ध करने का प्रयास किया है।

## 1984 के सिख विरोधी दंगा पीड़ित बोले- मोदी रखते हैं हमारा ख्याल, कांग्रेस ने हमारे साथ बहुत बुरा किया



नई दिल्ली (आरएनएस)। साल 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 25 फरवरी (मंगलवार) को कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट के फैसले पर पीड़ित परिवार संतुष्ट नहीं है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि सज्जन कुमार को फांसी की सजा होनी चाहिए थी। पीएम मोदी का आभार जताते हुए पीड़ित परिवार के सदस्यों ने कहा कि वह हम लोगों का ख्याल रखते हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने कुछ पीड़ित परिवार के सदस्यों से बात की।सिख दंगा पीड़ित अतर कौर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमारे साथ बहुत बुरा किया। बहु-बेटियों की इज्जत लूटी गई। परिवार की सदस्य गुरदीप कौर को सभी के सामने मार दिया गया। सिख लोगों को चुन-चुनकर मौत के घाट उतारा गया।

हमें न्याय नहीं मिला है। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से हमें पेंशन मिल रही है। राहुल गांधी कहते हैं कि उन्हें उनकी दादी के जाने का दर्द होता है। लेकिन, हमारा दर्द क्यों नहीं दिखाई देता। हम अब तक दंगे को भुला नहीं पाए हैं। सज्जन कुमार को फांसी की सजा मिलनी चाहिए थी। कांग्रेस ने बहुत जुल्म किया। कुलदीप कौर ने कहा कि हमें कोर्ट का फैसला पसंद नहीं आया है। यह फैसला हमारे हक में नहीं है। हमें उम्मीद थी कि सज्जन कुमार को फांसी होगी। लेकिन, फांसी नहीं हुई। कांग्रेस की सरकार में सज्जन कुमार को बचाया गया। लेकिन, हम पीएम मोदी का धन्यवाद करना चाहते हैं कि उनकी सरकार आने के बाद ही सज्जन कुमार को सजा मिली। पीएम मोदी हमारा ख्याल रखते हैं। सज्जन कुमार को जब तक फांसी की सजा नहीं हो जाती, हम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते रहेंगे।दंगों को याद कर भावुक होते हुए एक अन्य पीड़ित परिवार की सदस्य लक्ष्मी कौर ने कहा कि परिवार के दो सदस्यों को जिंदा जला दिया गया। 72 घंटे तक खून की होली खेली गई।

## आर्थिक तंगी से परेशान व्यक्ति ने पत्नी और बेटी की हत्या की, फिर खुद फांसी लगाई

विरार, (आरएनएस)। महाराष्ट्र के विरार पश्चिम में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर खुद फांसी लगाकर जान दे दी। यह घटना मैत्री हाइट्स सोसायटी की सी-विंग, फ्लैट नंबर 1004 में हुई। गुरुवार को पुलिस ने इसकी जानकारी दी। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम उदय कुमार काजवा (52 साल) था। वह अपनी पत्नी वीना उदय कुमार काजवा (42 साल) और बेटी शिवालिका उदय कुमार काजवा (5 साल) के साथ रहता था। उदय लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। उसके पास सोसायटी का मेंटेनेंस देने तक के पैसे नहीं थे। बताया जा रहा है कि इसके चलते ही उसने यह कदम उठाया।सोसायटी वालों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद बोलींज पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची। फ्लैट का ताला चाबी वाले से खुलवाया गया। घर के अंदर का नजारा देख पुलिस भी हैरान रह गई। वहां उदय की पत्नी और बेटी की लाशें पड़ी थीं, जिनकी गला दबाकर हत्या की गई थी। वहीं, बेडरूम में उदय का शव फंदे पर लटका मिला।पुलिस अधिकारी ने बताया कि उदय ने पहले अपनी पत्नी और बेटी की हत्या की, फिर खुदकुशी कर ली। इस मामले में बोलींज पुलिस ने उदय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत केस दर्ज किया है। जांच पुलिस निरीक्षक प्रकाश सावंत कर रहे हैं। यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हत्या से पहले घर में क्या हुआ था।

## महाकुंभ के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश, जनता से मांगी माफी?

नईदिल्ली,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 का महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान के साथ समापन हो गया। इस मौके पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

महाकुंभ के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्लॉग लिखकर अपने विचारों को साझा किया और किसी असुविधा के लिए माफी मांगी है।

उन्होंने ब्लॉग के कुछ अंश एक्स पर भी साझा किए हैं, जिसमें उन्होंने लिखा, महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, महाकुंभ संपन्न हुआ...एकता का महायज्ञ संपन्न हुआ। प्रयागराज में एकता के महाकुंभ में पूरे 45 दिनों तक जिस प्रकार 140 करोड़ देशवासियों की आस्था एक साथ, एक समय में इस एक पर्व से आकर जुड़ी, वो अभिभूत करता है! महाकुंभ के पूर्ण होने पर जो विचार मन में आए, उन्हें मैंने कलमबद्ध करने का प्रयास किया है...।

उन्होंने लिखा कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की उपस्थिति केवल रिकॉर्ड नहीं बल्कि संस्कृति-विरासत की सशक्त नींव है।

उन्होंने ब्लॉग में लिखा, मैं जानता हूं, इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से...मां यमुना से...मां सरस्वती से...हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा...।

झजनता जनार्दन, जो मेरे लिए ईश्वर का स्वरूप है, श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं। श्रद्धा से भरे जो करोड़ों लोग प्रयाग पहुंचकर इस एकता के महाकुंभ का हिस्सा बने।

# दिल्ली में बदला मौसम का मिजाज, कई इलाकों में बारिश, आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट



नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली एनसीआर में मौसम तेजी से बदल रहा है. गुरुवार सुबह 6 बजे दिल्ली का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, गुरुवार को दिन में बादल छाए रह सकते हैं. साथ ही कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई. वहीं अधिकतम तापमान 25-17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17-19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है. इसके बाद शुक्रवार को बारिश होने के आसार जताए गए हैं. मौसम विभाग ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है. इससे पहले बुधवार को तेज धूप निकलने से तापमान में बढ़त देखी गई. इस दौरान अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा, जो कि इस सीजन का अधिकतम तापमान है. वहीं न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. हालांकि, गुरुवार को आसमान में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं. इस दौरान हवा की गति 20-30 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 265 दर्ज किया गया. एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 135, गुरुग्राम में 182, गाजियाबाद में 206, ग्रेटर नोएडा में 154, नोएडा में एक्यूआई 152 दर्ज किया गया. दिल्ली के इलाकों की बात करें तो पूसा में 210, शादीपुर में 200, पंजाबी बाग में 321, नॉर्थ कैंपस डीयू में 229, मुंडका में 347, मंदिर मार्ग में 236, वजीरपुर में 370, आईजीआई एयरपोर्ट में 154, अशोक विहार में 305, द्वारका सेक्टर 8 में 240, रोहिणी में 240, आरके पुरम में 336, चांदनी चौक में 322, जहांगीरपुरी में 320, लोधी रोड में 205, आईटीओ में 289, डीटीयू में 306, बुराड़ी क्रॉसिंग में 265, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 201, सिरीफोर्ट में 250, श्री अरविंदो मार्ग में 173 और सोनिया विहार में एक्यूआई 254 दर्ज किया गया।

## गुजरात के चार दिवसीय दौरे पर राष्ट्रपति मुर्मू, नर्मदा आरती में होंगी शामिल

गांधीनगर(आरएनएस)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन राज्यों के दौरे के आखिरी चरण में बुधवार को गुजरात पहुंचीं। राष्ट्रपति मध्य प्रदेश से वडोदरा पहुंचीं। यहां से वह स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर श्रद्धांजलि अर्पित करने और गुजरात के केवड़िया में नर्मदा आरती देखने के लिए एकतानगर रवाना हुईं। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने के लिए किया गया है। वे स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री थे और उन्होंने देश की 562 रियासतों को एकजुट करके भारत गणराज्य का निर्माण किया था।31 अक्टूबर 2018 को गुजरात के केवड़िया में सतपुड़ा और विंध्याचल पहाड़ियों की सुंदर पृष्ठभूमि में दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा - स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का उद्घाटन किया गया।

## बीजेपी विधायक ने नजफगढ़ का नाम बदलने का सदन में रखा प्रस्ताव

नई दिल्ली (आरएनएस)। बीजेपी विधायक नीलम पहलवान ने दिल्ली विधानसभा में नजफगढ़ का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सदन में कहा कि नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ किया जाना चाहिए। नीलम यहीं से विधायक हैं।

नीलम पहलवान का यह बयान उस समय आया जब दिल्ली विधानसभा में सत्र चल रहा था। विधायक ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ रखने से न केवल क्षेत्र की पहचान मजबूत होगी, बल्कि यह स्थान एक नई दिशा में तरक्की करेगा।

उन्होंने सदन में कहा, औरंगजेब ने इसका नाम नाहरगढ़ से बदलकर नजफगढ़ रखा था। 1857 की लड़ाई में राजा नाहर सिंह ने लड़ाई लड़के नजफगढ़ क्षेत्र को दिल्ली प्रांत में शामिल करवाया था, लेकिन कई कागजी कार्रवाई होने के बावजूद भी आज तक नाम नहीं बदला गया। नजफगढ़ का नाम बदलने की हमने कई बार अपील की। हमारे सांसद जब प्रवेश वर्मा थे, तब भी हमने कई बार इनके माध्यम से कोशिश की कि नजफगढ़ का नाम नाहरगढ़ रखा जाए।नीलम पहलवान के बाद दक्षिणी दिल्ली के आरके पुरम से बीजेपी विधायक अनिल शर्मा ने भी अपनी विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले गांव महोमदपुर का नाम बदलने की मांग की और कहा कि महोमदपुर का नाम माधवपुरम रखा जां।

## आतिशी का भाजपा पर आरोप, कहा-तानाशाही की हदें पार कर दी



नई दिल्ली,(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक आतिशी ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि पार्टी ने सत्ता में आने के बाद तानाशाही की सारी हदें पार कर दी हैं। आतिशी ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जय भीम के नारे लगाने के कारण तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों को दिल्ली विधानसभा से निलंबित कर दिया।

आतिशी ने आगे कहा, आज भी भाजपा ने लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए विधायकों को विधानसभा परिसर में प्रवेश तक नहीं करने दिया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि चुने हुए प्रतिनिधियों को विधानसभा परिसर में घुसने से रोका गया हो।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की तानाशाही न केवल विधानसभा की कार्यवाही को प्रभावित कर रही है, बल्कि यह लोकतंत्र के बुनियादी मूल्यों का भी उल्लंघन कर रही है।दरअसल, तीन दिनों के लिए शुरू हुए दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन ही दिल्ली के उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान आम आदमी पार्टी की नेता आतिश समेत अन्य विधायकों ने जमकर हंगामा शुरू कर दिया था। उन्होंने दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री के कमरे और सचिवालय में अन्य मंत्रियों के कमरों से बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की फोटो हटाने को लेकर भाजपा पर आरोप लगाने शुरू कर दिए और जमकर नारेबाजी भी शुरू कर दी।

जिसके बाद आतिशी और उनके साथी विधायकों को एक के बाद एक दिल्ली विधानसभा से तीन दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया।

# मलाइका अरोड़ा ने लेटेस्ट फोटोज शेयर कर बोल्डनेस की सारी हदें की पार, 51 की उम्र में इंटरनेट पर मचाई सनसनी



अपनी फिटनेस को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर आते ही अक्सर बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग और हॉट मूव्स देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।बता दें कि मलाइका अरोड़ा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।मलाइका अरोड़ा ने रेड हॉट बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनकी ये कातिल अदाएं देखकर फैंस भी मंत्रमुग्ध हो गए हैं।खुले बाल को स्ट्रेट लुक कर के, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी स्टाइलिश फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोग उनके हर एक स्टाइल को काफी अच्छे से फॉलो करते हैं।

## द भूतनी का दमदार टीजर रिलीज, हॉरर-कॉमेडी में संजय दत्त, पलक तिवारी और मौनी रॉय का अवतार देख चौंके फैंस

महाशिवरात्रि के मौके पर बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने अपने फैंस को तोहफा दिया है. एक्टर ने अपनी आगामी फिल्म द भूतनी का दमदार टीजर जारी किया है. इस फिल्म में संजय दत्त के साथ मौनी रॉय, पलक तिवारी, सनी सिंह और आसिफ खान भी अहम भूमिका में हैं.

संजय दत्त ने अपने इंस्टाग्राम द भूतनी का टीजर शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, इस गुड फ्राइडे, डर को एक नई तारीख मिल गई है- शुक्रवार 18वां. पहले कभी न देखी गई हॉरर, एक्शन और कॉमेडी के लिए तैयार हो जाइए. भूतनी मचाएगी तांडव 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में.

टीजर की शुरुआत में, मुन्ना भाई एक्टर को भगवद गीता की कुछ पंक्तियां पढ़ते हुए सुना जा सकता है. इसके अलावा टीजर के बैकग्राउंड में भद्रकाली के मंत्रोच्चारण और शिव तांडव की भी धुन सुनने को मिलती है.

टीजर में श्वेता सिंह की बेटी पलक तिवारी और मौनी रॉय को बुरे अवतार में दिखाया गया है, जबकि संजय दत्त भूत भगाने वाले की भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं. टीजर में हॉरर और रोमांस दोनों की झलक दिखाई गई है. टीजर के एक सीन में सनी सिंह भूतनी से अपने प्यार को वापस करने की विनती करते नजर आए. फैंस अब इस हॉरर कॉमेडी के सिनेमाघरों में आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

# अजित कुमार की फिल्म गुड बैड अग्ली की टीजर रिलीज डेट आउट, 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में होगी रिलीज



अजित कुमार की आने वाली फिल्म गुड बैड अग्ली का बहुप्रतीक्षित टीज़र प्रशंसकों के बीच उत्साह पैदा करते हुए रिलीज़ होने के लिए तैयार है। हाल ही में 28 फरवरी को त्रिशा के लुक और किरदार का नाम सामने आया था। यह घोषणा फिल्म के निर्माताओं द्वारा एक प्रोमो वीडियो जारी करने के बाद आई है जिसमें फिल्म की मुख्य महिला कलाकार के बारे में बताया गया है जिससे फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। गुड बैड अग्ली निर्देशक आदिक रविचंद्रन के साथ अजित कुमार की पहली फिल्म है और यह साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। गुड बैड अग्ली में अर्जुन दास शाइन, टॉम चाको, केजीएफ फेम बीएस अविनाश, प्रभु प्रसन्ना, राहुल देव, योगी बाबू और सुनील जैसे प्रभावशाली कलाकार हैं। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स के नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर ने किया है इतने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ, गुड बैड अग्ली से काफी उम्मीदें हैं, जो 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

टीजर रिलीज की तारीख और कलाकारों की जानकारी सामने आ गई है, लेकिन गुड बैड अग्ली की कहानी अभी भी गुप्त रखी गई है। फिल्म के निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, जिससे प्रशंसकों के बीच उत्सुकता और उत्साह बढ़ गया है। 28 फरवरी को टीजर रिलीज होने के साथ ही प्रशंसकों को आखिरकार गुड बैड अग्ली की दुनिया की एक झलक मिल जाएगी।

गुड बैड अग्ली इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है और टीजर रिलीज की तारीख की घोषणा ने उत्साह को और बढ़ा दिया है। अपने स्टार कास्ट, प्रतिभाशाली क्रू और दिलचस्प कथानक के साथ गुड बैड अग्ली के ब्लॉकबस्टर हिट होने की उम्मीद है। प्रशंसक 28 फरवरी को टीजर रिलीज और 10 अप्रैल को फिल्म रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## अब तेलुगु में भी गूंजेगी छावा की दहाड़, गीता आर्ट्स के कंधे पर फिल्म के वितरण का भार

विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' ने सिनेमाघरों में धूम मचा रखी है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 350 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। अब यह ब्लॉकबस्टर फिल्म तेलुगु में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फैसला दर्शकों की भारी मांग को देखते हुए लिया गया है। फिल्म की रिलीज के बाद से ही इसे तेलुगु में रिलीज करने की मांग लगातार बढ़ रही है।

तेलुगु में इस फिल्म का वितरण टॉलीवुड का टॉप प्रोडक्शन हाउस गीता आर्ट्स करेगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में फिल्म का वितरण किया जाएगा। इसका प्रीमियर 7 मार्च 2025 से आंध्र प्रदेश के सिनेमाघरों में होगा। जीए 2 पिक्चर्स के नाम 300 से ज्यादा तेलुगु, हिंदी और अंग्रेजी फिल्मों के वितरण का रिकॉर्ड है, जो अब 'छावा' के साथ अपनी विरासत को आगे बढ़ाएगी।

छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म 'छावा' सिनेमाघरों में छाई हुई है। फिल्म ने 31 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत की और पहले वीकएंड पर 48.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे वीकएंड पर फिल्म ने 40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। अपने शानदार कलेक्शन की बदौलत फिल्म ने 375.65 करोड़ रुपये का अब तक कलेक्शन किया है।

## नानी की आगामी फिल्म द पैराडाइज के लिए दशहरा की टीम फिर आई साथ, टीजर की रिलीज डेट का भी खुलासा

श्रीकांत ओडेला एक युवा निर्देशक हैं, जिन्होंने अपनी पहली फिल्म दशहरा से ही अपनी छाप छोड़ी थी, जिसमें नानी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक जबर्दस्त हिट साबित हुई और नानी को बॉक्स ऑफिस पर पहली बार 100 करोड़ की सफलता मिली। श्रीकांत अब एक बार फिर नानी के साथ एक और पीरियड ड्रामा फिल्म द पैराडाइज के लिए साथ आए हैं। वहीं, अब निर्माताओं ने फिल्म से जुड़ा नया अपडेट साझा किया है।

निर्माताओं ने दर्शकों को आज महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर खास तोहफा दिया है। उन्होंने द पैराडाइज के टीजर की रिलीज की तारीख का खुलासा किया है। फिल्म का टीजर 3 मार्च, 2025 को रिलीज होगा। साथ ही उन्होंने पोस्ट साझा कर यह भी बताया है कि फिल्म के निर्माण का काम कहां तक पहुंचा है।पैराडाइज के निर्माताओं ने एक्स पर एडिटिंग की कुछ झलकियां साझा की हैं। दृश्य में बस पानी की बौछार दिखाई देती है। निर्माताओं ने सभी उत्साहित प्रशंसकों को अपडेट किया कि रॉ स्टेटमेंट का संपादन लॉक कर दिया गया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, श्रीकांत ओडेला द्वारा किए जाने वाले उत्साह का इंतजार करें। अनिरुद्ध संगीत में बोल्ड और वाइल्ड नेचुरल स्टार नानी।


## बॉक्स ऑफिस पर दूसरे मंगलवार को सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी हिंदी फिल्म बनी छावा, बाहुबली 2 को दी मात



विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना अपनी हालिया बॉक्स ऑफिस हिट फिल्म छावा की वजह से चर्चा में हैं. लक्ष्मण उटेकर निर्देशित हिस्टोरिकल एक्शन ड्रामा फिल्म ओपनिंग डे से बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है. यह बाहुबली 2 को पछाड़ दूसरे मंगलवार को बॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली दूसरी फिल्म बन गई है.

छावा पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है. फिल्म ने पहले ही वीकेंड में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया. वहीं, 6 दिनों में इसने 200 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की. फिल्म ने पहले सप्ताह में 225.28 करोड़ रुपये कलेक्शन किया.छावा का शानदार प्रदर्शन यहीं नहीं थमा. इसने दूसरे वीकेंड में भी 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की. छावा ने दूसरे शुक्रवार, शनिवार और रविवार को क्रमश: 24.03 करोड़ रुपये, 44.10 करोड़ रुपये और 41.10 करोड़ रुपये कमाए. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक, दूसरे सोमवार को विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना के पीरियड ड्रामा ने 19.10 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. 11 दिनों के बाद छावा का टोटल कलेक्शन 353.61 करोड़ रुपये हो गया.11 दिनों के बाद छावा 12वें दिन एक नया रिकॉर्ड अपने नाम की. सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे मंगलवार को छावा ने बॉक्स ऑफिस पर 17 करोड़ रुपये की नेट कमाई की.

# रैपर किंग की बहन बनने को तैयार पलक तिवारी, वेब सीरीज के लिए मिलाया हाथ



श्वेता तिवारी की बेटी और अभिनेत्री पलक तिवारी ने साल 2021 में आई वेब सीरीज रोजीः द सैफरन चैप्टर के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद वह सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान (2023) में नजर आई थीं।

अब पलक ने पहली बार रैपर किंग से हाथ मिलाया है। दोनों जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आएंगे।

इसके साथ पलक और किंग के किरदार से भी पर्दा उठ गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, रैपर किंग और पलक जल्द ही एक दिलचस्प वेब सीरीज में नजर आएंगे। खास बात यह है कि इसमें किंग एक प्रेमी की भूमिका नहीं, बल्कि पलक के भाई के किरदार में दिखाई देंगे।

यह सीरीज 9 भागों में रिलीज होगी। बहलहाल, अभी तक इस सीरीज को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।बता दें कि किंग को घुमशुदा, तू आके देखले, ऊप्स और मान मेरी जान के लिए जाना जाता है।

पलक के पास संजय दत्त की फिल्म द भूतनी भी है। फिल्म में उनकी जोड़ी सनी सिंह के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।इसमें मौनी रॉय भी मुख्य भूमिका में होंगी। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।सिद्धांत सचदेव इस फिल्म के निर्देशक हैं। संजय ने इस फिल्म का निर्माण दीपक मुकुट के साथ किया है। संजय की पत्नी मानयता दत्त फिल्म की सह-निर्माता हैं।

# गुलाब की पंखुडियों से करें स्किन केयर, चेहरे पर आए निखार को देख सहेलियां पूछेंगी राज



चेहरे पर नूर लाने के लिए लोग तमाम उपाय करते हैं. हेल्दी खानपान से लेकर स्किन केयर को लाइफ का हिस्सा बनाते हैं. यूं तो मार्केट में स्किन ब्राइटनिंग और ग्लोइंग बनाने के लिए तमाम ब्यूटी प्रोडक्ट मौजूद हैं. लेकिन इनकी कीमत ज्यादा होने की वजह से कई लोग इसे नहीं खरीद पाते हैं. ऐसे में आप घर भी कुछ आसान से उपाय अपनाकर चेहरे पर निखार ला सकती हैं. इसके लिए आप गुलाब के फूल की पंखुड़ ?यों का इस्तेमाल कर सकते हैं.

गुलाब न केवल देखने में सुंदर लगता है बल्कि इसकी खुशबू भी लोगों को बहुत पसंद आती है. लेकिन क्या आपको पता है इसको आप स्किन केयर का हिस्सा भी बना सकती हैं. गुलाब की पंखुड़ियों से आप फेस पैक, स्क्रब और फेस मिस्ट बना सकती हैं. आइए जानते हैं इसे तैयार करने का आसान तरीका.

गुलाब की पंखुड़ियों से कैसे बनाएं फेस पैक? (Rose petals face pack)

चेहरे पर नेचुरली ब्राइटनिंग लाने के लिए आप गुलाब की पंखुड़ियों से फेस पैक बना सकती हैं.

### इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

मुट्ठी भर ताजी गुलाब की पंखुड़ियां

एक चम्मच दही

एक चम्मच शहद

फेस पैक बनाने का आसान तरीका

फेस पैक बनाने के लिए गुलाब की पंखुड़ियों को पीसकर पेस्ट बना लें.

इसमें दही व शहद डालकर मिक्स करें.

स्किन अगर ऑयली है तो दही की जगह बेसन का इस्तेमाल करें.

अब अपनी स्किन को साफ करके इस मास्क को लगाएं.

इसे 15 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर पानी से धो लें.

गुलाब की पंखुड़ियों व चीनी से बनाएं स्क्रब

चेहरे से डेड स्किन को हटाने के लिए गुलाब की पंखुड़ियों और चीनी से आप स्क्रब तैयार कर सकती हैं.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

मुट्ठी भर गुलाब की पंखुड़ियां

एक चम्मच चीनी

एक चम्मच नारियल तेल

घर पर स्क्रब कैसे बनाएं?

गुलाब की पंखुड़ियों को कुचल लें.

इसमें चीनी और नारियल तेल डालकर मिक्स करें.

स्क्रब तैयार है. इसे हल्के हाथों से मसाज करें. लास्ट में पानी की मदद से स्किन को क्लीन करें.

गुलाब की पंखुड़ियों का फेस मिस्ट

चेहरे को ब्राइट और ग्लोइंग बनाने के लिए आप घर पर केमिकल फ्री फेस मिस्ट भी तैयार कर सकती हैं.

इन चीजों की पड़ेगी जरूरत

पानी और मुट्ठी भर गुलाब की पंखुड़ियां.

फेस मिस्ट बनाने का आसान तरीका

ताजी गुलाब की पंखुड़ियां लें.

पानी में तब तक उबालें जब तक उनका रंग न निकल जाए.

पानी को छानकर स्प्रे बोतल में भर लें.

# सफेद स्नीकर्स को नए जैसा चमकाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स, कम मेहनत में बनेगी बात

यूथ में स्नीकर्स को लेकर अलग ही क्रेज देखने को मिलता है. शूज कलेक्शन की बात करें तो लड़का हो या लड़की व्हाइट स्नीकर्स सभी का पसंदीदा होता है. ये देखने में जितने अच्छे लगते हैं, उतनी ही जल्दी ये गंदे भी हो जाते हैं. इन्हें साफ करने में बहुत मेहनत लगती है. यूं तो मार्केट में बहुत सारे सफ़ेद स्नीकर्स क्लीनर मिलते हैं. लेकिन हर किसी का इन्हें खरीद पाना संभव नहीं है. ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है. आप घर पर ही कम मेहनत में और बेहद कम पैसे खर्च करके अपने गंदे स्नीकर्स को बिल्कुल नए जैसा चमका सकते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

### नेल पेंट रिमूवर

सफेद स्नीकर को साफ करने का ये बेहद आसान तरीका है. इसके लिए आपको नेल पेंट रिमूवर चाहिए. सबसे पहले रुई को नेल पेंट रीमूवर में भिगो दें. इसे स्नीकर के दाग-चब्बों पर रगड़ें. दाग धब्बे साफ हो जाएंगे.

### टूथपेस्ट

टूथपेस्ट की मदद से भी आप स्नीकर्स को चमका सकते हैं. सबसे पहले जूतों को गीले कपड़े से साफ कर लें. अब दाग धब्बों पर टूथपेस्ट लगा दें. सर्कुलर मोशन में ब्रश से टूथपेस्ट 10 मिनट तक रगड़ें. जूतों को साफ कर लें. अब जूतों को खुले में सूखने दें.

### विनेगर और बेकिंग सोडा

हर घर में बेकिंग सोडा और विनेगर तो मिल जाता है. सबसे पहले आधा कप विनेगर में एक चौथाई बेकिंग सोडा मिला लें और फोम वाला मिक्सचर बना लें. अब इस मिश्रण को जूतों पर रगड़ें और अगले 30 मिनट तक जूतों को सूखने दें. अब इन्हें धो लें.

### नींबू का रस

नींबू के रस से भी आप सफेद जूतों को साफ कर सकते हैं. क्योंकि इनमें सिट्रिक एसिड होता है. इसके लिए नींबू का रस ठंडे पानी में मिला लें. अब एक कपड़े को इस पानी में भिगोकर निचोड़ें और दागों पर रगड़ें।



## लेबनान में इजरायली ड्रोन हमला, दो लोगों की मौत

बेरूत ,(ए) लेबनान की पूर्वी पर्वत श्रृंखला के पास जनता के शारा क्षेत्र में इजरायली ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के हवाले से बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी लेबनान के अल्मा अल-शाब गांव और नकौरा शहर के बीच रोशनी वाली लाइटें भी गिराईं।

इजरायल और लेबनान के बीच 27 नवंबर, 2024 से युद्धविराम समझौता लागू है। इसने गाजा युद्ध के कारण लगभग 14 महीने से चल रही लड़ाई पर रोक लगा दी है। हालांकि इजरायल के रुक रुक कर सैनिक कार्रवाइयां करता रहता है।

इस समझौते में लेबनानी क्षेत्र से इजरायली सेना की वापसी की बात कही गई थी, लेकिन 18 फरवरी की समय-सीमा के बावजूद इजरायल ने बॉर्डर पर पांच स्थानों पर अपनी उपस्थिति बनाए रखी है।

इससे पहले इजरायल की सेना ने कहा था कि उसने युद्ध विराम समझौते के बावजूद दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले शुरू किए हैं।

एक बयान में, सेना ने कहा कि उसने हथियारों से लैस बुनियादी ढांचे पर हमला किया, जहां हिजबुल्लाह की गतिविधि की पहचान की गई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल ने हिजबुल्लाह पर दक्षिणी लेबनान में सैन्य अभियान चलाने का आरोप लगाया है, जो इजरायल और लेबनान के बीच हुए समझौतों का उल्लंघन है।

लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने रिपोर्ट दी है कि इजरायली दुश्मन ने दक्षिणी लेबनान के पश्चिमी क्षेत्र में वादी जिबकिन पर दो ड्रोन हमले किए।

एजेंसी ने कहा कि इजरायली बलों ने दक्षिणी सीमा क्षेत्र के मध्य इलाके में स्थित अल-दार क्षेत्र पर भी फ्लेयर्स गिराए।

## मेलबर्न में चाकू से हमला करने के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

सिडनी ,(ए) मेलबर्न के उत्तरी इलाके में तीन युवक पर चाकू से हमला किया गया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस इस मामले में चार किशोरों को गिरफ्तार कर चुकी है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को शाम करीब 7:30 बजे ब्रॉडमेडोज़ (जो मध्य मेलबर्न से 15 किमी उत्तर है) के एक इलाके में एक रिटेल स्टोर की पार्किंग में झगड़ा हुआ और चाकू से हमला किया गया।

घटनास्थल पर मौजूद पुलिस ने 40 और 18 साल के दो लोगों घायल अवस्था में पाया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी हालत गंभीर थी।प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने घटनास्थल से कुछ किशोरों को भागते हुए देखा।पुलिस की एयर ब्रांच को उस इलाके में भेजा गया, और उन्होंने समूह को एक घर में प्रवेश करते हुए देखा।जासूसों और महत्वपूर्ण घटना प्रतिक्रिया टीम के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर तीन 19 साल के और एक 18 साल के युवक को गिरफ्तार कर लिया, सभी युवक थे। समूह का पांचवां सदस्य, जो 14 साल का था। वो भी लड़ाई में घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी जान को कोई खतरा नहीं है। पुलिस ने कहा कि वे घटना के बारे में उससे पूछताछ करने की उम्मीद कर रहे हैं। पुलिस ने एक बयान में कहा कि झगड़ा तब शुरू हुआ, जब 40 साल और 18 साल के युवक कार पार्किंग में हेडफोन की एक जोड़ी ढूंढने गए, जो शाम को पास के शॉपिंग सेंटर से चोरी हो गई थी। 19 साल के एक हमलावर पर गंभीर हिंसा, मारपीट और डकैती के दौरान जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। इस आरोप के तहत उसे 20 साल तक की सजा हो सकती है। 18 साल के युवक पर जानबूझकर और लापरवाही से चोट पहुंचाने और झगड़ा करने का आरोप है। वहीं, अन्य दो 19 साल के युवकों पर झगड़ा करने, लापरवाही से चोट पहुंचाने, लात मारकर हमला करने और डकैती करने का आरोप लगाया गया है।

## पहले भर्ती पर रोक लगाई, अब 30 दिन में ट्रांसजेंडरों को सेना से निकालने का फरमान; ट्रंप का एक और एक्शन



वाशिंगटन(ए) ।अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जब से सत्ता में आए हैं वो ट्रांसजेंडरों के खिलाफ कई कड़े फैसले ले रहे हैं। अब अदालत में दी गई जानकारी के अनुसार, ट्रंप सरकार ट्रांसजेंडर सैनिकों को अमेरिकी सेना से हटाने जा रही है। ट्रांसजेंडर्स को पहले ही सेना में शामिल होने या सेवा करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

ट्रंप ने कहा कि एक पुरुष जो खुद को महिला के रूप में पहचानता है, वह एक सैनिक नहीं बन सकता है। इस महीने, पेंटागन ने कहा था कि अमेरिकी सेना अब ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शामिल होने की अनुमति नहीं देगी और सेवा सदस्यों के लिए लिंग परिवर्तन से जुड़ी प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाना बंद कर देगी।

ट्रंप सरकार ने कोर्ट में कहा कि हम 30 दिनों के भीतर ट्रांसजेंडर सैनिकों की पहचान करने के लिए एक प्रक्रिया बनाएंगे और फिर उसके 30 दिनों के भीतर उन्हें सेना से अलग करेंगे। पेंटागन द्वारा ये भी कहा गया है,अमेरिकी सरकार की नीति है कि सैनिक की तत्परता, घातकता, सामंजस्य, ईमानदारी, विनम्रता, एकरूपता और अखंडता के लिए उच्च मानक स्थापित किए जाएं।

अमेरिकी रक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सेना में लगभग 13 लाख सक्रिय सैनिक हैं। हालांकि, ट्रांसजेंडर अधिकार अधिवक्ताओं का कहना है कि 15,000 से अधिक ट्रांसजेंडर इसमें सेवा देते हैं।

## आधुनिक और मजबूत सेना आज की जरुरत : किम जोंग उन



सोल ,(ए) ।। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक सैन्य अकादमी के दौरे के दौरान किसी भी युद्ध से निपटने के लिए एक मजबूत, आधुनिक सेना बनाने का आह्वान किया। राज्य मीडिया केसीएनए ने बुधवार को यह जानकारी दी।किम का कांग कोन मिलिट्री अकादमी का दौरा ऐसे समय में हुआ है जब उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मदद के लिए रूस में हजारों सैनिक भेजे हैं।

इस सप्ताह किम ने किम इल सुंग यूनिवर्सिटी ऑफ पॉलिटिक्स का भी दौरा किया, जो एक अन्य विशिष्ट कैडर प्रशिक्षण संस्थान है, जहां उन्होंने सैन्य निष्ठा और बलिदान का आह्वान किया।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने कहा कि किम का सैन्य इकाइयों और प्रशिक्षण का पिछला निरीक्षण रूस में अतिरिक्त सैनिक भेजने की तैयारी का हिस्सा हो सकता है।केसीएनए ने कहा कि सैन्य अकादमी के हालिया दौरे के दौरान किम ने स्कूल के खराब प्रबंधन और शैक्षणिक सुविधाओं के संचालन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह एक शक्तिशाली सेना के निर्माण के लिए सत्तारूढ़ पार्टी की आधुनिकता और उन्नत चरित्र की खोज को पूरा करने में नाकाम रहा। इसमें कहा गया कि किम ने सुविधाओं के नवीनीकरण और अभ्यास पर ध्यान केन्द्रित करते हुए शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कार्य निर्धारित किए, ताकि छात्र आधुनिक युद्ध के वास्तविक अनुभवों के बारे में सीख सकें, साथ ही उन्नत हथियारों और तकनीकी उपकरणों में निपुणता प्राप्त कर सकें।

## पाकिस्तान फेल देश, अंतरराष्ट्रीय दान पर टिका 'यूएन में भारत ने लगाई लताड़

जिनेवा,(ए) ।भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में भारत ने कहा कि पाकिस्तान एक फेल देश है। वह अंतरराष्ट्रीय दान पर टिका है। भारत ने कहा कि आतंकवादियों को पनाह देने वाला पाकिस्तान लगातार झूठ फैला रहा है। यह फेल



देश ओआईसी का समय भी बर्बाद कर रहा है। मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाले पाकिस्तान को उपदेश देने की जरूरत नहीं है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के क्षितिज त्यागी ने कहा , यह देखना दुखद है कि पाकिस्तान के नेता और प्रतिनिधि अपने सैन्य आतंकवादी समूह के झूठ को लगातार फैलाने में जुटे हैं। पाकिस्तान ओआईसी को अपने मुखपत्र के रूप में इस्तेमाल करके उसका मजाक उड़ा रहा है।त्यागी ने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ओआईसी का समय एक फेल देश बर्बाद कर रहा है। यह देश अंतरराष्ट्रीय सहायता पर जीवित है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की बयानबाजी पाखंड, अमानवीयता और अक्षमता से भरी हुई है। भारत लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। इन मूल्यों से पाकिस्तान को सीखना चाहिए।क्षितिज त्यागी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग बने रहेंगे। पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में अभूतपूर्व राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति अपने आप में बहुत कुछ कहती है। ये सफलताएं दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित इस क्षेत्र में सामान्य स्थिति लाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर लोगों के भरोसे का प्रमाण हैं। क्षितिज त्यागी ने कहा कि पाकिस्तान में मानवाधिकारों का हनन, अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न और लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यवस्थित उल्लंघन राज्य की नीतियों का हिस्सा है। पाकिस्तान जो बेशर्मी से संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों को पनाह देता है, उसे किसी को उपदेश नहीं देना चाहिए। भारत ने यूएन में कहा कि पाकिस्तान को भारत के खिलाफ अपनी सनक से उबरना चाहिए।

## दुखी मन से बोले ट्रंप- पढ़ते यहां हैं और भारत जाकर बन जाते हैं अरबपति

वॉशिंगटन(ए)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि लोग दूसरे देशों से अमेरिका में आकर पढ़ते हैं और अपने-अपने देशों में जाकर अरबपति बन जाते हैं। नए गोल्ड कार्ड पर बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इमिग्रेशन पॉलिसी पर सवाल उठाए हैं। इस दौरान उन्होंने खासतौर से भारत के छात्रों का जिक्र किया है, जो अमेरिका में शिक्षा हासिल करते हैं।

नए गोल्ड कार्ड पर बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इमिग्रेशन पॉलिसी पर सवाल उठाए हैं। इस दौरान उन्होंने खासतौर से भारत के छात्रों का जिक्र किया है, जो अमेरिका में शिक्षा हासिल करते हैं। उन्होंने कहा है कि लोग दूसरे देशों से



अमेरिका में आकर पढ़ते हैं और अपने-अपने देशों में जाकर अरबपति बन जाते हैं। ट्रंप ने 50 लाख डॉलर में गोल्ड कार्ड देने की योजना शुरू की है, जिसके तहत अमेरिका की नागरिकता हासिल करने का रास्ता आसान हो जाएगा।

बुधवार को ट्रंप ने मौजूदा इमिग्रेशन पॉलिसी पर सवालिया निशान लगाए हैं, जिसके चलते दूसरे देशों और खासतौर से भारत के होनहारों को अमेरिका छोड़कर जाना पड़ता है। इस पॉलिसी के परिणामों को लेकर ट्रंप ने कहा कि कई होनहार छात्रों को मजबूरी में अमेरिका छोड़कर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वे अपने-अपने देशों में लौटकर सफल उद्यमी बन जाते हैं। ट्रंप ने कहा, वे भारत वापस चले जाते हैं या अपने देश वापस चले जाते हैं, जहां से वे आए हैं और वहां एक कंपनी खोलते हैं और अरबपति बन जाते हैं। वे हजारों लोगों को नौकरी दे रहे हैं।

## सूडान : सैन्य विमान हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 46

खार्तूम(ए.)। सूडान की राजधानी खार्तूम के उत्तर में हुए सैन्य विमान हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।खार्तूम स्टेट प्रेस ऑफिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कल हुई विमान दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 46 हो गई है, जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। हताहतों में सैन्यकर्मी और नागरिक दोनों शामिल हैं।विमान ओमदुरमन के अल-हारा 75 क्षेत्र में एक घर पर गिर गया था। घायलों का इलाज सरकारी अस्पतालों में किया जा रहा है।सूडानी सेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि खार्तूम से लगभग 22 किलोमीटर उत्तर में ओमदुरमन के वाडी सेडना एयरबेस से उड़ान भरने वाला एंटोनोव विमान उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे इसके चालक दल और कई सैन्य अधिकारी मारे गए।नाम न बताने की शर्त पर एक सैन्य सूत्र ने हादसे के लिए तकनीकी खराबी को जिम्मेदार ठहराया। चार लोगों के चालक दल वाला यह विमान कथित तौर पर एक सैन्य मिशन पर था, जिसमें कई उच्च पदस्थ अधिकारी सवार थे।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहा था, लेकिन अचानक नीचे गिर गया और घनी आबादी वाले इलाके में आग लग गई।सूडान न्यूज के अनुसार, हादसे में एक ब्रिगेडियर जनरल, कई अधिकारी और सैनिक तथा कम से कम पांच नागरिक मारे गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विमान का मलबा आवासीय घरों में बिखर गया, जिसमें कुछ घरों को काफी नुकसान पहुंचा है।स्थानीय स्वयंसेवी समूह करारी प्रतिरोध समितियों ने बताया कि हादसे के बाद कई जले हुए पीड़ितों और 10 शवों को अस्पताल लाया गया। समूह ने जीवित बचे लोगों को लगी गंभीर चोटों का जिक्र किया। यह हादसा सूडान में चल रहे मानवीय संकट को और बढ़ाती है, जो अप्रैल 2023 से सूडानी सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच संघर्ष में उलझा हुआ है।



# रोहित की कप्तानी के मुरीद बने शिखर धवन

दुबई,(ए) ।भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने पूर्व सलामी जोड़ीदार और प्रिय मित्र रोहित शर्मा की कप्तान के तौर पर प्रशंसा की और कहा कि भारतीय कप्तान एक लीडर के तौर पर परिपक्व हो गया है। उन्होंने कहा कि वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है और कब नरमी बरतनी है और कब पीछे हटना है, कैसे इसके बीच एक बढ़िया संतुलन बनाए रखना है।

एक विशेष श्रृंखला, शिखर धवन अनुभव में कप्तान के तौर पर रोहित के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, पूर्व क्रिकेटर ने टीम के साथियों के साथ रोहित के बंधन पर भी प्रकाश डाला।

2013 से 2025 तक, 12 साल का अनुभव बहुत है। रोहित ने बहुत कुछ देखा है। वह जानता है कि दबाव की स्थिति में कैसे काम करना है और लड़कों को कैसे इकट्ठा करना है। एक लीडर के तौर पर, वह परिपक्व हो गया है; वह जानता है कि कब नरमी बरतनी है और कब पीछे हटना है। यह एक बढ़िया संतुलन है और लड़कों के साथ रोहित का बंधन अद्भुत है। धवन ने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर





कहा, हम बेहतरीन स्थिति में हैं।

नौ साल तक रोहित के ओपनिंग पार्टनर रहे धवन ने उस समय को याद किया जब उन्होंने 2013 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पहली बार रोहित के साथ पारी की शुरुआत की थी और खुलासा किया कि रोहित को ओपनर के तौर पर बढ़ावा देने का विचार तत्कालीन कप्तान एमएस धोनी का था। इस ओपनिंग जोड़ी का फैसला उस मैच से आधे दिन पहले लिया गया था। उस समय मैं भी नया था और अपनी ही दुनिया में था। मैंने वापसी की थी और मुझे अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी। लेकिन एमएस धोनी ने यह फैसला लिया और रोहित को ओपनिंग करने का निर्देश दिया। इसलिए मैंने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा। मैंने सोचा कि अगर रोहित ओपनिंग करते हैं तो हम साथ में बल्लेबाजी का लुत्फ उठाएंगे।

धवन ने खुलासा किया, पहले मैच में हमें बहुत अच्छी शुरुआत मिली। हम बिना कोई विकेट खोए 100 रन पर थे। हमने 10वें ओवर तक 30-35 रन नहीं बनाए क्योंकि विकेट सीम कर रहा था। लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि हमारी जोड़ी इतनी बड़ी होगी और हम 10 साल तक साथ खेलेंगे।

धवन ने रोहित के साथ अपनी दोस्ती और सौहार्द के बारे में भी बात की और कहा, हम एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं और हमारी समझ और संवाद का स्तर बहुत ऊंचा है। मैदान पर और मैदान के बाहर हमारा रिश्ता एक जैसा है। हमने साथ खेला है, हमने कई सीरीज जीतने के बाद साथ में पार्टी की है।

## युवा खिलाड़ी सफलता के लिए मेहनत करते हुए निराशा से बचें : सिंधु

मुंबई (ए)। महिला बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधु ने कहा है कि युवा खिलाड़ियों को सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत ओर अनुशासन पर ध्यान देना चाहिये। सिंधु ने कहा कि उन्हें निराशा को दूर रखते हुए उत्साही और जुनूनी बनना चाहिये। सिंधु ने कहा कि मेरे अंदर अभी भी उच्चतम स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की भूख है। सिंधू ने कहा कि भले ही निराशा और थकान के कई दिन हों पर एक खिलाड़ी को अनुशासन नहीं खोना चाहिए क्योंकि कोई नहीं जानता कि मैदान पर यह कब उसके काम आ जाए। दो ओलंपिक पदक विजेता इस खिलाड़ी कहा है कि आपको यह उम्मीद रखनी चाहिए कि आपको वहां टिके रहना है और आपको इसे हर एक दिन करते रहना है और यह एक दिन सामने आएगा जब आपकों सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोग कह सकते हैं कि आपके पास सब कुछ है, आपको और क्या चाहिए? पर

## बटलर भविष्य की कप्तानी के बारे में 'सभी संभावनाओं' पर विचार करेंगे

लाहौर, (ए)। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से जल्दी बाहर होने के बाद उनकी टीम की व्हाइट-बॉल लीडरशिप जांच के दायरे में आएगी और उन्होंने कहा कि उन्हें अपने कप्तानी भविष्य के बारे में सभी संभावनाओं पर विचार करने की आवश्यकता है।

बुधवार शाम को अफगानिस्तान से आठ रन से हारने के बाद, इंग्लैंड आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गया। यह लगातार दूसरा पुरुष वनडे टूर्नामेंट है, जिसमें वे शीर्ष चार में पहुंचने से चूक गए हैं।

बटलर को आईसीसी ने उद्धृत किया, परिणाम वैसे नहीं हैं, जैसे होने चाहिए, और मुझे व्यक्तिगत रूप से सभी संभावनाओं पर विचार करने की आवश्यकता है। हमें एक टीम के रूप में, व्हाइट-बॉल प्रारूपों में इंग्लैंड क्रिकेट को जिस स्थिति में होना चाहिए, उसे वापस लाने की आवश्यकता है। और मुझे लगता है कि मुझे व्यक्तिगत रूप से यह पता लगाना होगा कि मैं समस्या का हिस्सा हूं या समाधान का?

जबकि बटलर ने पुष्टि की कि वह आने वाले दिनों में कप्तान के रूप में अपने भविष्य पर विचार करेंगे, इंग्लैंड शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी अभियान का समापन करेगा, जो सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहता है।

मैं व्यक्तिगत रूप से यह पता लगाने के लिए थोड़ा समय लूंगा कि मुझे क्या सही लगता है। मैं अभी कोई भावनात्मक निर्णय नहीं लेने जा रहा हूं। आप शायद पहले व्यक्ति नहीं हैं जिनके साथ मैं इस पर चर्चा करूंगा । परिणाम कठिन होते हैं, और कई बार वे भारी पड़ते हैं। और, जाहिर है, आप एक विजेता टीम का नेतृत्व करना चाहते हैं, और हम पिछले कुछ समय से ऐसा नहीं कर रहे हैं, इसलिए जाहिर है कि इससे कुछ मुश्किल क्षण आते हैं।

## क्रिकेट जगत ने इंग्लैंड पर शानदार जीत के लिए अफगानिस्तान को सराहा

मुंबई,(ए)। क्रिकेट जगत ने अफगानिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम, खासकर इब्राहिम जादरान और अजमतुल्लाह उमरजई की जमकर प्रशंसा की, क्योंकि उन्होंने बुधवार को लाहौर में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पूर्व चैंपियन इंग्लैंड पर शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई।

पहले पावर-प्ले में 37/3 पर सिमटने के बाद, अफगानिस्तान ने जादरान के शानदार 177 रन की मदद से चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (40), मोहम्मद नबी (40) और उमरजई (41) के महत्वपूर्ण योगदान की बदौलत 325/7 का विशाल स्कोर बनाया। उमरजई ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, उन्होंने 5-58 विकेट लिए, जो किसी अफगान गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है, जबकि इंग्लैंड की टीम जो रूट के 120 रनों के बावजूद 317 रनों पर आउट हो गई। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, अफगानिस्तान की ओर से शानदार प्रदर्शन..जीत का पूरा हकदार...इंग्लैंड ने पिछले कुछ सालों से व्हाइट-बॉल क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। इन परिस्थितियों में यह परिणाम आश्चर्यजनक नहीं है।अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने उमरजई के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड प्रदर्शन बताया।

## आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेंगे ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान

### दोपहर 2.30 बजे से होगा मैच

लाहौर (ए)। स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम शुक्रवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए हालांकि ये इतना आसान नहीं होगा क्योंकि अफगानिस्तान टीम ने जिस प्रकार से इंग्लैंड को हराया है उससे पता चलता है कि अब वह दूसरे दर्जे की टीम नहीं रही। अफगान टीम ने पहले भी आईसीसी टूर्नामेंटों में कई बड़ी टीमों को हराया है। जिसको देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम उसे हल्के में लेने की भूल नहीं करेगी। अफगानिस्तान का लक्ष्य भी इस मैच में जीत का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाना रहेगा। उसने इंग्लैंड के खिलाफ 300 से अधिक रन बनाकर मैच जीता है। उसने पिछले साल हुए टी20 विश्व कप में भी सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। ऐसे में ये मैच रोमांचक होना तय है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो पर उसे अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क,



पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की कमी खलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले मैच में इंग्लैंड को हराया था।

दो बार की पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के बाद चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब फिर से जीतना चाहेगी। टीम ने 2006 और 2009 में लगातार दो खिताब जीते पर साल 2013 और 2017 में वह फाइनल में नहीं पहुंची जिसके बाद इस प्रतियोगिता का आयोजन बंद कर दिया गया। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विरोधी गेंदबाजी आक्रमण को बिखेरने में सक्षम हैं। नियमित खिलाड़ियों की अनुपस्थिति ने कंगारु टीम को कमजोर किया है लेकिन इसने युवा खिलाड़ियों को प्रभावित करने, टीम में अपनी जगह पक्की करने का अवसर है जिसका वह लाभ उठाना चाहेंगे। उसके पास अच्छे बल्लेबाज हैं। वहीं गेंदबाजी की कमान बेन ड्वार्शुइस, स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस और एडम जंपा के पास रहेगी। ये जानते हैं कि आगे बढ़ने इस मैच में जीत जरुरी है। ड्वार्शुइस और जॉनसन हालांकि पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। ऐसे में इनका लक्ष्य इस मैच में अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा। जम्पा के रूप में टीम के पास एक अनुभवी स्पिनर है जो पाक के हालातों का लाभ उठा सकता है। वहीं दूसरी और उसकी बल्लेबाजी की कमान इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेलने वाले इब्राहिम जादरान करेंगे।

## आईसीसी मैच रेफरी डेविड बून क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड में शामिल होंगे

मेलबर्न,(ए)। पूर्व टेस्ट बल्लेबाज डेविड बून को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) बोर्ड में नियुक्त किया गया है। वे पॉल ग्रीन द्वारा खाली किए गए पद को भरेंगे, जिन्होंने क्रिकेट तस्मानिया के प्रतिनिधि के रूप में छह साल बाद पद छोड़ दिया था। बून, जो वर्तमान में आईसीसी मैच रेफरी हैं, 28 मार्च को सीए बोर्ड में शामिल होने के लिए पाकिस्तान और दुबई में चल रही चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करेंगे।ऑस्ट्रेलिया के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक, बून ने 107 टेस्ट मैच खेले और 43.65 की औसत से 7,422 रन बनाए, जिसमें 21 शतक (ऑस्ट्रेलिया के एक अन्य महान खिलाड़ी - नील हार्वे के समान ही टेस्ट शतक) और 99 कैच शामिल हैं। वे ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में पांचवें सबसे अधिक रन बनाने वाले और पांचवें सबसे अधिक कैप्ड ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी थे। 1984/85 और 1995/96 के बीच 107 टेस्ट मैच खेलने के कारण वे एलन बॉर्डर के बाद 100 टेस्ट खेलने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गए। 181 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 37.04 की औसत से 5,964 रन बनाए, जिसमें पांच शतक शामिल हैं। वे 1987 की आईसीसी विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे, जिन्होंने फाइनल में 75 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच का सम्मान प्राप्त किया ।

-अंग्रेजों और स्थानीय जागरूक लोगों ने दिया था योगदान ,नर्मदापुरम में बनना चाहिए था मेडीकल कालेज

# 124 साल का हो गया जिला अस्पताल, व्यवस्थाएं खस्ताहाल

-भवनों की हो गई भरमार, डॉक्टरों की दरकार, ध्यान नहीं दे रही सरकार
-9 समाजसेवियों ने उदार भाव से राशि देकर बनवाया था जिला चिकित्सालय

**नर्मदापुरम, बलराम शर्मा।**

आज से 124 वर्ष पूर्व 9 जागरूक समाजसेवियों की पहल ने स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर ध्यान देते हुए अस्पताल बनवाने की पहल शुरू की गई थी। जो आज तक लाखों लोगों की सेहत के काम आ रही है। वे समाजसेवी तो नहीं है लेकिन उनके योगदान की कहानी जिला अस्पताल में लगे पत्थर से वयां हो रही हैं। उन्होने उस समय लोगो के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए अस्पताल बनवाने के लिए जो राशि दी थी वह भवन आज भी मजबूती के साथ खड़ा हुआ है।



24 हजार 854 रुपये में बन गई थी अस्पताल, अब दूसरी नई अस्पताल में लग रहे 24 करोड़

### नर्मदापुरम का हक मारा गया स्वीकृत होना था मेडीकल कॉलेज

जब सवा सौ वर्ष पूर्व के जागरूकों नागरिकों को स्वास्थ्य की चिंता थी तब वर्तमान के जागरूकों को यहां पर मेडीकल कालेज खुलवाना ही था। लेकिन नर्मदापुरम का हक मारा गया। यहां पर मेडीकल कालेज नहीं खुल सका। जबकि अन्य संभाग मुख्यालय पर मेडीकल कालेज खुलने की घोषणाएं होती रहीं हैं।संभाग मुख्यालय के इस अस्पाल में अनेक वर्षों से डाक्टरों, पेरामेडिकल स्टाप, सहित अन्य सुविधाओं की दरकार बनी हुई है। इस तरफ सरकार का ध्यान नहीं है। अब तक तो इस अस्पताल में मेडीकल कालेज की सुविधा हो जाना था। हर संभाग में मेडीकल होने की बात अनेक बार हो चुकी है। इस मामले में नर्मदापुरम के साथ छलावा हो रहा है। यहां तक कि एमडी व रेडियोलाजिस्ट की कमी बनी हुई है। जिससे सोनोग्राफी तक नहीं हो पा रही है। ट्रामा सेंटर बना दिया लेकिन डाक्टर नहीं है। आंखों के आपरेशन तक नहीं हो पाते हैं। ऐसी अनेक विडंबनाएं इस अस्पताल में बनी हुई है। इसके बाद भी जबावदारों को कोई शर्म नहीं आती। वे मुख्यमंत्री व स्वाथ्य मंत्री से मांग करने में भी हिचकिचाते हैं।

### अस्पताल की स्थापना के हुए 124 वर्ष

28 फरवरी 1901 में जिला अस्पताल की स्थापना हुई थी। जिसे 124 वर्ष हो गए। जिला अस्पताल में भवनों की भरमार होती जा रही है। लेकिन सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। क्षेत्र के सबसे बड़े इस अस्पताल में दो दर्जन डाक्टर, दो दर्जन नर्स, एक दर्जन वार्ड वाय की कमी बनी हुई है। कई बार उचित उपचार के अभाव में भोपाल यहां तक कि कई मरीजों को नागपुर जाना पड़ता है। ट्रामा अस्पताल की व्यवस्था हो जाने के बाद भी सामान्य दुर्घटनाओं में घायलों को निजी अस्पताल का मुंह ताकना पड़ता है।

### 24 हजार 850 रुपये में बन गया था अस्पताल

124 वर्ष पूर्व 9 जागरूक समाजसेवियों की पहल ने अस्पताल के निर्माण में एक बड़ी सौगात दी थी। जिन दानदाताओं की राशि से अस्पताल बना है। उनमें राजा भरत मकड़ाई, उमेद कुमार फतहपुर नदीपुरा, मुकुंदराम शुक्ल, शालिगराम शुक्ल, श्रीदीवान, बहादुर कालीदास चौधरी, बी नेपियर इस्क्यूर, बलवंत प्रसाद, और जगन्नाथ प्रसाद शामिल थे। इन सभी की राशि मिलाकर 24 हजार 854 रूपए हुई थी। उसी से मजबूत अस्पताल तैयार हो गया था। जो अब तक भवन बना हुआ है। अब इसे तोड़ने का प्लान है।

### नागरिक चाहते हैं बढ़ाई जाए सुविधाएं

वरिष्ठ नागरिक गोपीकांत घोष, आरआर सोनी, खेमचंद यादवेश कहते हैं कि यहां पर मेडीकल कालेज खोला जाना चाहिए था। संभाग मुख्यालय के साथ पक्षपात नहीं होना चाहिए था।

जिला अस्पताल में औषतन 500 से अधिक लोग रोज आते हैं। जिनमें भर्ती मरीजों उनके परिजनों के अलावा 300-400 मरीज ओपीडी में अपना उपचार कराते हैं। यहां पर सुविधाएं बढ़नी चाहिए। व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र चौकसे ने कहा कि यह प्राचीन अस्पताल है यहां पर सुविधा और डाक्टर बढ़ने चाहिए। समाजसेवी सीमा श्रीवास कहती हैं कि सरकार को स्वास्थ्य सुविधाओं की सिर्फ बात ही नहीं करना चाहिए सुविधाएं बढ़ानी चाहिए। पूर्व पार्षद बल्ला राय ने कहा कि स्वास्थ्य जैसे मामले में सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

# "बेटी बचाओ बेटी पढाओ" योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर नर्मदापुरम में कार्यक्रम आयोजित




नर्मदापुरम (निप्र) बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया और सहायक संचालक व्ही पी गौर के मार्गदर्शन में वन स्टाप सेन्टर द्वारा गुरूवार 27 फरवरी को शासकीय महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास नर्मदापुरम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर द्वारा 181 महिला हेल्प लाइन, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, और वन स्टाप सेन्टर की योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में छात्रावास की बालिकाओं को महामारी स्वच्छता एवं फायर सेफटी की जानकारी दी गई। परामर्शदात्री भागवती बिष्ट ने साइबर क्राइम की जानकारी दी। कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर की केस वर्कर शिखा वर्मा, नेहा चण्डालिया, और पूजा खरवार उपस्थित रहीं। छात्रावास अधीक्षिका सीमा गौर ने आभार व्यक्त किया।

# जनपद पंचायत केसला में वाटर शेड यात्रा का आरंभ

नर्मदापुरम (निप्र) प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार भूमि संरक्षण विभाग एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान मेँ 24 फरवरी से 28 फरवरी तक वाटर शेड यात्रा का आयोजन ग्राम पंचायत दांडीवाड़ा, सिलवानी, भारगदा, चारटेकरा, कालाआखर मे किया जा रहा है।ग्राम पंचायत डांडीवाड़ा जनपद केसला में वाटर शेड यात्रा का आरंभ हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने हजारों की संख्या मेँ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वाटरशेड यात्रा का प्रमुख उद्देश्य वाटर शेड कार्यों में ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाना है व जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यों मेँ रूचि व ग्रामीण जागरूकता पैदा करना है। इस अवसर पर वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम मेँ जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यो के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए पानी की रैली, नुक्कड़ नाटक, कठ पुतली का आयोजन, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता मेँ विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरुस्कार प्रदान किया। वाटरशेड योजना की तरफ से वाटरशेड कार्यों मेँ सहयोग करने के लिए उन्हे पथ प्रदर्शन - मार्गदर्शन के रूप मेँ सम्मानित किया गया।

# किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उपार्जन केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर



### गोदाम का सत्यापन आगामी एक सप्ताह में सुनिश्चित करे जिला उपार्जन समिति

नर्मदापुरम (निप्र) । आगामी रबी विपणन वर्ष के लिए जिले में गेहूं एवं चने के उपार्जन के लिए जिला उपार्जन समिति की बैठक कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी उपार्जन कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अगले एक सप्ताह के भीतर सभी गोदामों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए समस्त अनुविभागों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के साथ टीमें गठित कर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराई जाए।कलेक्टर सुश्री मीना ने उपखंड स्तरीय समिति, समिति प्रबंधकों एवं सर्वेर्स का प्रशिक्षण शीघ्र आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उपार्जन में शामिल एजेंसियों का समयानुसार निर्धारण करने पर भी जोर दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी उपार्जन केंद्र पर बारदाने की कमी नहीं होनी चाहिए, तथा पंखा, छन्ना, मॉइश्चर मीटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने बैठने की उचित व्यवस्था, छाया, पेयजल एवं शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देशित किया कि फलों, दलहन और तिलहन फसलों की गिरदावरी कार्यवाही भी शासन के निर्देशानुसार कराई जाए।बैठक के दौरान अप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ, जिला आपूर्ति नियंत्रक सहित उपार्जन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रयागराज कुंभ से लाए जल से स्नान कराया देशभक्त शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा को



नर्मदापुरम (निप्र) । देशभक्त शहीद चंद्र शेखर आजाद की प्रतिमा को शहीद चंद्रशेखर आजाद युवा मंडल समिति के अध्यक्ष एसके यादव व अन्य अनेक सदस्यों ने प्रयागराज जाकर कुंभ के पवित्र जल को लाकर आजादी के दीवाने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा को भोपाल के न्यू मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल पर पहुंच कर प्रतिमा को स्नान कराया तथा देशभक्ति के नारे लगाए।

## गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकि समिति की बैठक संपन्न

नर्मदापुरम (निप्र) । गुरुवार को जिला नर्मदापुरम में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकि लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में राजकुमार नेमा जिला अभियोजन अधिकारी, डॉ सुनीता नागेश डीएचओ, डॉ ममता पाठक स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ शिवेंद्र चंदेल मेडिकल ऑफिसर सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में पीसी पीएनडीटी एक्ट पर चर्चा की गई और निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में समिति ने डॉ चंद्रसेन दायमा द्वारा प्रस्तुत नवीन आवेदन पर चर्चा कर पंजीयन जारी करने की अनुशंसा की गई।

# समृद्धि योजना अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा समृद्धि योजना 2024-25 के अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हैप्पी मैरिज गार्डन नर्मदापुरम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू महेंद्र यादव नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम, जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता प्रसन्ना हर्णे, जनपद सदस्य कैसला सुखराम कुमरे द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण को प्रारंभ कर किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू महेंद्र यादव ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि आज कई सामाजिक संस्थाऐं है, जो महिला सशक्तिकरण के साथ उन्हें रोजगार से जोड़ने में सहयोग कर आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। विशेष अतिथि भूपेंद्र चौकसे जनपद अध्यक्ष ने जन अभियान द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, जन अभियान स्वैच्छिक संगठनों को मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है, जिससे समाज की सेवा करने में अग्रिम स्थान रखती है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जन अभियान से जुड़ी नवांकुर संस्थाएं बहुत अच्छा कार्य करती है। प्रसन्ना हर्णे द्वारा शासन के विभिन्न परियोजनाओं में स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला, जिसमें समाज में सामाजिक संगठन अच्छे से अच्छे सेवा कार्य करें, जिससे समाज का उत्थान हो। अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव, कैसला जनपद सदस्य सुखराम कुमरे ने भी अपना उद्बोधन दिए। बनखेड़ी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मुकेश सोलंकी ने द्वितीय सत्र में स्वैच्छिक संगठनों को फर्म एंड सोसाइटी रजिस्ट्रेशन करना, सीएसआर फंड, 12 ए, 80 जी में रजिस्ट्रेशन करने की सम्पूर्ण जानकारी दी। वेंकटेश चिमानियां ने सीएसआर फंड की विस्तृत जानकारी एवं समस्याओं का समाधान बताया।

संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी ने आदर्श ग्राम की अवधारणा के विषय में कहा कि मुख्य रूप से ग्रामीण कृषि पर आश्रित होते है, उन्नत खेती के साथ जैविक खेती कर, स्वास्थ्य वर्धक अनाज का उत्पादन, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियों को कैसे तकनीकी, कौशल विकास प्रशिक्षण, प्राप्त कर उन्हें अपना स्वरोजगार स्थापित करने में किस प्रकार से सहयोग दे एवं प्रदेश का हर एक ग्राम एवं शहरी वार्ड आदर्श वार्ड आदर्श ग्राम बनकर सामने आए।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद टास्क मैनेजर सैयद शाकिर अली जाफरी ने बताया कि जन अभियान परिषद का गठन का उद्देश्य समग्र सतत विकास है आज हम समग्र विकास के विभिन्न आयामों को लेकर निरंतर वर्ष 2007-08 से संपूर्ण मध्य प्रदेश में कार्य कर रहे हैं आज हमारी लगभग प्रदेश में 24000 से ज्यादा प्रस्फुटन समितियां कार्य कर रही हैं, नर्मदापुरम जिले में भी तकरीबन 765 से ज्यादा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां कार्य कर रही हैं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा वर्ष 2015-16 से महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के माध्यम से बीयसडब्लू, एम एस डब्ल्यू का पाठ्यक्रम विभिन्न मॉड्यूल के माध्यम से युवाओं को समाजसेवी पर्यावरण चिंतक और ग्रामीण विकास के सपना को पूर्ण करने के लिए प्रशिक्षित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। जन अभियान परिषद का सदैव उद्देश्य रहा है कि ग्रामीण भारत भी हमारा एक आदर्श भारत बने। मेंटर श्रीमती नेहा तिवारी ने स्वैच्छिक संगठन प्रबंधन विषय पर अपने विचार रखें।



नर्मदापुरम। शंकर मंदिर सिवनी नाका से निकली भोलेनाथ की बारात, बनी आकर्षण का केन्द्र। फोटो-कमल राव चव्हाण

## युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 05 मार्च को

नर्मदापुरम (निप्र) कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 05 मार्च को शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनीमालवा जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। रोजगार एवं स्वरोजगार में छात्र-छात्राओं को निजि क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार हितधारकों के लिये स्टॉल लगाये जायेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि रोजगार के इच्छुक युवक एवं युवतियां अपना पंजीयन कर सकते है।

# संयमित आहार व कड़े अभ्यास से पाया मुकाम- मिर्जा जमाल बेग

नर्मदापुरम (निप्र) । बाडी बिल्डर मिर्जा जमाल बेग की पत्रकारवार्ता के दौरान युवाओं का आव्हान करते हुए कहा कि ऑन लाइन वीडियो को फालो न करें आपकी बाडी के अनुसार सही मार्गदर्शन में करें मिस्टर एमपी रहे मिर्जा जमाल ने बताया कि 22 वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिली है। अब इंटरनेशनल बाडी बिल्डिंग चैम्पियशिप में शामिल होकर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतने की इच्छा है।राष्ट्रीय स्तर पर मिर्जा जमाल ने मप्र का नाम रोशन किया उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम में बाडी बिल्डिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता कराने का प्रयास रहेगा। इस अवसर पर नर्मदापुरम युवा मंडल के अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल व जिला बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव विजय दिबोलिया, मिस्टर इंडिया मिर्जा जमाल बेग मौजूद रहे। उनकी मंशा है कि खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय मंच दिया जा सके। नगर के बाडी बिल्डर मिर्जा जमाल बेग ने उप्र के लखनऊ में आयोजित आल इंडिया बाडी बिल्डिंग फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन कर अपना स्थान बनाकर नगर का ही नहीं बल्कि मप्र का नाम रोशन किया है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नर्मदापुर युवा मंडल के अध्यक्ष व बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन के संरक्षक अखिलेश खंडेलवाल ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता के दौरान आयोजन के संस्मरण सुनाए।





जिला बाडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव विजय दिबोलिया ने बताया कि मिर्जा जमाल ने संभाग स्तरीय, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर कई पदक प्राप्त किए हैं। लखनऊ में जो प्रदर्शन उन्होंने किया वह अद्वितीय रहा है। युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत की तरह हैं। बाडी बिल्डिंग के खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मिस्टर इंडिया मिर्जा जमाल बेग ने बताया कि संयमित आहार व कड़े अभ्यास से उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर मुकाम पाया है। रोजाना छह घंटे अभ्यास कर शरीर की मांसपेशियों को तराशा है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में मिर्जा जमाल ने बताया कि कई युवा जल्दी शरीर बनाने के लिए स्टेरायइड व गलत दवाओं का सेवन करने लगते हैं। ऐसा बिल्कुल भी ना करें। रोजाना अभ्यास व संयमित दिनचर्या आहर से स्वास्थ्य शरीर को पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार ने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डाइट से लेकर अन्य व्यवस्थाएं परिवार वाले ही करते रहे हैं।

### युवाओं को देंगे मागदर्शन

मिर्जा जमाल ने बताया कि वे युवाओं को मार्गदर्शन देने के लिए तैयार है। जो युवा बाडी बिल्डिंग करना चाहते है उनके लिए आफर भी दिया है।

जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उन्हें जिम की फीस में पचास प्रतिशत की रियायत भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना मार्गदर्शन लिए अभ्यास ना करें। कई युवाओं को जानकारी नहीं होती है इसलिए गलतियां कर बैठते हैं। अखिलेश खंडेलवाल ने कहा कि अखिल भारतीय बाडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के आयोजन के लिए समाज के विभिन्न लोगों को जोड़ा जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com